समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app · Online E-Paper · News Portal · Youtube · Facebook · Instagram · Twitter · Tumbler · Reddit

वर्ष 1, अंक 01 पेज 8 | शुक्रवार 16 फरवरी, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

हरियाणा सरकार ने 800 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एमबीपीएल के साथ किया एमओयू

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एम.सी.एल.) द्वारा ओडिशा में लगाया जा रहा है 1600 मेगावॉट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट

हरियाणा को इस प्लांट से मिलेगी 800 मेगावाट बिजली

यमुनानगर में भी स्थापित किया जा रहा 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट, प्लांट बनने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ेगी

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणावासियों को निर्बाध एवं सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में आज हरियाणा सरकार ने महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) के साथ 800 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हरियाणा की ओर से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार तथा कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से श्री देबाशीष नंदा ने एओयू का आदान-प्रदान किया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एम.सी.एल.) द्वारा ओडिशा में 1600 (2800 मेगावॉट) मेगावॉट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट लगाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) द्वारा ओडिशा में प्रस्तावित अपने इस प्लांट से हरियाणा को 800 मेगावॉट बिजली देने की पेशकश की गई, जिसे स्वीकार करते हुए आज इस संबंध में एमओयू किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित बिजली खरीद के लिए एकल मूल्य (लेवलाइज्ड टैरिफ) 4 रुपये 46 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार यमुनानगर में भी 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट लगाने जा रही है, इसके लिए टेंडर किया जा चुका है। वर्तमान में हरियाणा में बिजली उत्पादन क्षमता 2,582 मेगावाट है और इस नये प्लांट के बनने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।

मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। वर्ष 2014 में प्रदेश में बिजली की मांग 9000 मेगावॉट थी, जो आज बढ़कर 14,000 मेगावॉट हो गई है। बिजली निगमों द्वारा निरंतर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। हाइड्रो तथा सोलर पॉवर से भी बिजली खरीदी जाती है और हरियाणा बिजली के मामले में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि घरेलू बिजली आपूर्ति के मामले में हरियाणा ने उल्लेखनीय उपलबधि हासिल की है और आज लगभग 5800 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, बिजली निगमों के अध्यक्ष श्री पी के दास, सेवा विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री मंदीप सिंह बराड़, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमित खत्री, मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर श्री सुदेश कटारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री का किया धन्यवाद, बजट बढ़ाने की मांग की

अग्निपथ योजना खत्म करके फौज में तुरंत पक्की भर्ती शुरु करे सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा

दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रधानमंत्री से भारतीय फ़ौज में अहीर रेजिमेंट के गठन का आग्रह किया

रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर नयी रेल सेवा के शुभारम्भ पर जताई खुशी, कहा काफी भाग दौड़ करके इसको यूपीए सरकार में मंजूर कराया था : दीपेन्द्र हुड्डा

28-जुलाई- 2013 को तत्कालीन रेल मंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हांसी में इसका शिलान्यास किया था : दीपेन्द्र हुड्डा

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास के लिए भारत के प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 9 साल के इंतजार के बाद उन्हें इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री के हाथों इस महत्त्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग करी कि इस वर्ष जितना बजट रेवाड़ी एम्स को दिया है उस हिसाब से रेवाड़ी एम्स की इमारत बनने में ही करीब 12 साल लग जाएंगे, इसलिये बजट आवंटन बढ़ाया जाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रधानमंत्री जी से निवेदन किया कि यह क्षेत्र जय जवान, जय किसान के नारे को चरितार्थ करता हुआ देश की फौज में सबसे ज्यादा योगदान करने वाला क्षेत्र है। इस इलाके के युवाओं के जज्बे को देखते हुए आपसे मांग है कि अग्निपथ योजना को खत्म करके फौज में तुरंत पक्की भर्ती शुरु की जाए और भारतीय फौज में अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए।

दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर नयी रेल सेवा के शुभारम्भ पर खुशी जताते हुए कहा कि यूपीए सरकार के समय इस महत्वाकांक्षी परियोजना को उन्होंने काफी भाग दौड़ करके 09-नवम्बर-2011 को योजना आयोग से मंजूर कराया। 15-नवम्बर-2011 को काँग्रेस की हुड्डा सरकार ने भूमि की पूरी लागत वहन करने की स्वीकृति दी। वर्ष 2012-13 के रेल बजट में केन्द्र सरकार से फाइनल मंजूरी के साथ 385 करोड़ रुपया आवंटित कराकर 28-जुलाई- 2013 को तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके रोहतक-महम-हांसी रेल परियोजना का शिलान्यास किया और प्रारम्भिक काम शुरु करा दिया था। इस संबंध में कांग्रेस की तत्कालीन हुड्डा सरकार ने 07-अक्टूबर-2013 एवं 20-दिसंबर-2013 को भूमि अधिग्रहण की धारा 4 तथा 26-जून-2014 को भूमि अधिग्रहण की धारा 6 के अन्तर्गत कार्रवाई शुरु कर दी थी लेकिन 2014 में सरकार बदलने के बाद इस परियोजना की फाइल गुम होने जैसी बाधाएं आने से इसका काम लटक गया। हरियाणा सरकार की नीयत इस रेल लाइन को न बनाने की थी। यही कारण है कि बेवजह देरी के चलते परियोजना की लागत 211.31% बढ़कर 893.45 करोड़ हो गई। इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाले जाने के विरोध में उन्होंने हांसी में और महम में धरना भी दिया था। जनदबाव में सरकार को नवम्बर 2017 में इसका काम दोबारा शुरू करना पड़ा। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि वर्षों की देरी के बाद आज उनका ये सपना साकार हुआ इस बात का उन्हें संतोष है।

चुनावी बॉन्ड योजना असंवैधानिक : सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की योजना

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनावी बांड योजना सूचना के अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है. राजनीतिक दलों के द्वारा फंडिंग की जानकारी उजागर न करना उद्देश्य के विपरीत है.

सिटी 24 न्यूज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया है. चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी साल में अंसवैधानिक करार देना, केंद्र सरकार को बड़ा झटका है. कोर्ट ने कहा, काले धन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सूचना के अधिकार का उल्लंघन उचित नहीं है. चुनावी बांड योजना सूचना के अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है. राजनीतिक दलों के द्वारा फंडिंग की जानकारी उजागर न करना उद्देश्य के विपरीत है. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

मामले की सुनवाई के दौरान ष्ट्ठ्ठ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, हम सर्वसम्मत निर्णय पर पहुंचे हैं. मेरे फैसले का समर्थन जस्टिस गवई, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा द्वारा किया गया है. इसमें दो राय हैं, एक मेरी खुद की और दूसरी जस्टिस संजीव खन्ना की दोनों एक ही निष्कर्ष पर पहुंचते हैं, हालांकि, तर्कों में थोड़ा अंतर है.

काले धन पर अंकुश लगाना चुनावी बांड का आधार नहीं

फैसला सुनाते हुए सीजेआई ने कहा, काले धन को रोकने के लिए इलेक्ट्रोल बॉन्ड के अलावा भी दूसरे तरीके हैं. हमारी राय है कि कम से कम प्रतिबंधात्मक साधनों से परीक्षण संतुष्ट नहीं होता. उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए चुनावी बॉन्ड के अलावा अन्य साधन भी हैं. इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण और चुनावी ट्रस्ट के अन्य माध्यमों से योगदान अन्य प्रतिबंधात्मक साधन हैं. इस प्रकार काले धन पर अंकुश लगाना चुनावी बांड का आधार नहीं है. काले धन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सूचना के अधिकार का उल्लंघन करना उचित नहीं है. संविधान इस मामले में आंखे बंद कर के नहीं रख सकता, केवल इस आधार पर की इसका गलत उपयोग हो सकता है.

फैसला सुनाते हुए CJI ने कहा कि निजता के मौलिक अधिकार में एक नागरिक की राजनीतिक गोपनीयता और राजनीतिक संबद्धता का अधिकार शामिल है.

किसी नागरिक की राजनीतिक संबद्धता के बारे में जानकारी से किसी नागरिक पर अंकुश लगाया जा सकता है या उसे ट्रोल किया जा सकता है.

इसका उपयोग मतदाता निगरानी के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के लिए किया जा सकता है.

इतिहास से पता चलता है कि वैचारिक झुकाव आदि से राजनीतिक संबद्धता का आकलन किया जा सकता है.

राजनीतिक दलों को वित्तीय योगदान आम तौर पर पार्टी के समर्थन के लिए या बदले में दिया जाता है.

अब तक कानून निगमों और व्यक्तियों द्वारा इसकी अनुमति देता है.

जब कानून राजनीतिक समर्थन दिखाने वाले राजनीतिक योगदान की अनुमति देता है तो उनकी रक्षा करना संविधान का कर्तव्य है.

कुछ योगदान गैर प्रमुख दलों का भी होता है और आम तौर पर यह समर्थन दिखाने के लिए होता है.

याचिकाएं निम्नलिखित मुद्दे उठाती हैं :

क्या संशोधन अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सूचना के अधिकार का उल्लंघन है ?

क्या असीमित कॉर्पोरेट फंडिंग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है ?

मुद्दे 1 पर अदालतों ने माना है कि नागरिकों को सरकार को जिम्मेदार ठहराने का अधिकार है. सूचना के अधिकार के विस्तार का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह केवल राज्य के मामलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सहभागी लोकतंत्र के लिए आवश्यक जानकारी भी शामिल है. राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया में प्रासंगिक इकाइयां हैं. चुनावी चुनावों के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग की जानकारी जरूरी है.

कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है चुनावी बॉन्ड

बांड योजना को सरकार ने दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया था. इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था. योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है. कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है.

किसने उठाए थे चुनावी बॉन्ड योजना पर सवाल

संविधान पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहा. पीठ ने पिछले साल 31 अक्टूबर को कांग्रेस नेता जया ठाकुर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दायर याचिकाओं सहित चार याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की थी.

आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पीएम मोदी की रैली में 1470 सरकारी बसें लगाने पर खट्टर सरकार को घेरा

भाजपा रैली के लिए सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर रही : डॉ. सुशील गुप्ता

हरियाणा रोडवेज की 3691 बसों में से 1470 बसें रैली में लगाई : डॉ सुशील गुप्ता

दो दिन के लिए जनता की आवाजाही ठप्प, केवल रैली में जाएंगी बसें : डॉ. सुशील गुप्ता

खट्टर सरकार जनता को परेशान करने में लगी : डॉ. सुशील गुप्ता

खट्टर सरकार इस फैसले को तुरंत वापस ले: डॉ. सुशील गुप्ता

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने रेवाड़ी में होने वाली पीएम मोदी की रैली में 1470 सरकारी बसें लगाने को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल चुनावी रैलियों के लिए कर रही है। चुनाव से ठीक पहले पीएम मोदी की एक रैली 16 फरवरी को रेवाड़ी में रखी गई है। परंतु उस रैली में हरियाणा रोडवेज की कुल 3691 बसों में से 1470 बसें रैली के आयोजन के लिए लगाई गई हैं। यानी कि दो दिन के लिए प्रदेश की जनता की आवाजाही ठप, केवल रैली का ही काम होगा।

उन्होंने कहा कि पहले खट्टर सरकार ने चारों तरफ से पंजाब और दिल्ली बॉर्डर पर हरियाणा की जनता को बंधक बनाया। अब रही सही कसर हरियाणा के अंदर भी पूरी की जा रही है कि हरियाणा रोडवेज की 1470 बसें रैली के लिए लगा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि रोडवेज में पहले ही करीब छह हजार बसों की कमी है। 3691 में से कुछ बसें तो वैसे ही खराब हैं और जो सही हैं वो रैली के लिए लगा दी। मैं सीएम खट्टर से पूछना चाहता हूं कि दो दिन प्रदेश की जनता का क्या होगा ?

उन्होंने कहा कि रोडवेज कर्मचारी संघ ने भी इसका विरोध किया है। जब मांगो को लेकर रोडवेज कर्मचारी हड़ताल करते हैं तो सरकार कहती है कि जनता की तकलीफों को क्यों नहीं देखते ? अब सरकार जनता को परेशान कर रही है तो सीएम खट्टर बताएं कि अब जनता का क्या होगा ? इतनी बड़ी संख्या में हरियाणा रोडवेज की बसों को रैली में लगा कर आम जन को कितनी तकलीफ पहुंच रही है इसका अंदाजा सीएम खट्टर को लगाना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी खट्टर सरकार के इस फैसले का विरोध करती है और सरकार की कड़ी निंदा करती है। हम खट्टर सरकार से अनुरोध करते हैं कि इस फैसले को तुरंत प्रभाव से वापस ले। रैली के लिए खट्टर सरकार प्राइवेट बसों का इंतजाम करे और जनता को परेशान करना बंद करे।

अहीरवाल में एम्स का गिफ्ट मोदी की जीवंत गारंटी : राव इंद्रजीत

2013 में पीएम उम्मीदवार घोषित होने पर मोदी ने चुनावी रैली रेवाड़ी की धरती की

माजरा एम्स भी मोदी की गारंटी थी, जो जल्द ही मूर्त रूप ले लेगा

पीएम मोदी रणबांकुरों की इस धरती को भरपूर सम्मान प्रदान कर रहे

सिटी 24 न्यूज

गुरुग्राम। पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन और दक्षिणी हरियाणा में लंदन कहलन वाले रेवाड़ी जिला के देहात में गांव भाकली और माजरा में एम्स के शिलान्यास किया जाने में कुछ ही घंटे का समय बचा है । इसके साथ ही शुक्रवार को हरियाणा के खजाने में सबसे अधिक राजस्व देने वाले गुरुग्राम के पुराने गुरुग्राम तक मेट्रो प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास पीएम मोदी के हाथों किया जाएगा । इसके अलावा रोहतक - हासी रेलवे ट्रैक, यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट जैसे प्रोजेक्ट की सौगात भी हरियाणा राज्य को मिलने जा रही है। शुक्रवार को पीएम मोदी के हाथों इन तमाम बड़े प्रोजेक्ट और परियोजनाओं के गिफ्ट की सौगात मिलने के उपलक्ष पर अहीरवाल के छत्रप नेता केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि अहीरवाल में एम्स का गिफ्ट देश के पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी का जीवंत उदाहरण है। पिछले एक दशक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में कितने ही गारंटी, पूरी गारंटी के साथ पूरी की है। माजरा एम्स भी प्रधानमंत्री की गारंटी थी, जो जल्द ही मूर्त रूप ले लेगा।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का रेवाड़ी आना हम सभी हरियाणा के लोगों के लिए गर्व की बात है। राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माजरा एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही पुराने गुरुग्राम में मैट्रो की भी आधारशिला रखेंगे। यह दर्शाता है कि मोदी जी रणबांकुरों की इस धरती को कितना सम्मान देते हैं। अहीरवाल वीरभूमि है। यह रेजांगला के वीरों की धरती है। आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आजादी के लिए कुर्बान होने वाले आजादी के मतवालों की भूमि है। राव इंद्रजीत ने कहा कि साल 2013 में भाजपा के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित होने के बाद मोदी जी ने अपने चुनाव अभियान भी रेवाड़ी की धरती पर सैनिकों की रैली कर शुरू किया था। उसके बाद मोदी जी विधानसभा चुनाव के दौरान भी रेवाड़ी आए।

यह तीसरा मौका जब मोदी रेवाड़ी में होंगे

अब यह तीसरा अवसर है जब पीएम नरेंद्र मोदी रेवाड़ी की इस वीरभूमि पर पहुंच रहे हैं। मनेठी में एम्स की संभावनाएं जब क्षीण हुई, तब मोदी जी ने उन्हें सदन में एम्स निर्माण की गारंटी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ कहा कि अहीरवाल में एम्स बनेगा, अगर मनेठी में दिक्कत है तो कहीं और जमीन तलाश की जाएगी। मोदी की गारंटी के बाद भालखी माजरा के लोगों ने दिल बड़ा करते हुए जमीन की पेशकश की और माजरा में एम्स का सपना साकार हो रहा है। मोदी जी हर हाल में अहीरवाल को तोहफा देना चाह रहे थे। आख़िरकार यह तोहफा लोगों को मिल ही गया। राव ने कहा कि 10 सालों में दक्षिणी हरियाणा की तस्वीर बदली है। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है जिससे लोगों का जीवन सरल बना है।

सुविधाएं घर बैठे मिल रही

भाजपा शासन में जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए अब भटकना नहीं पड़ रहा, बल्कि सभी सुविधाएं घर बैठे मिल रही है। राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और निश्चित ही मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल देश के लिए अकल्पनीय सौगातों से भरा होगा। प्रधानमंत्री ने भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने की गारंटी दी है।

निश्चित ही अगले कार्यकाल में यह गारंटी पूरी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को रैली में लाने का आह्वान किया और कहा कि अहीरवाल मोदी जी के सम्मान में कोई कमी नहीं छोड़ेगा।

मोदी के नेतृत्व में खुले भारत के तरक्की के रास्ते, दुनिया में बढ़ा सम्मान : कृष्णपाल गुर्जर

केंद्रीय राज्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री ने किया एक करोड 76 लाख के विकास कार्यो का शिलान्यास

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज गुरुवार को बल्लबगढ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की एक और सौगात दी है। उन्होंने बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में सीवर और सडक़ें सहित करोड़ो की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को एक करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की सौगात देते हुए सीवरेज लाइन और आरएमसी सडक़ो के साथ-साथ हरी विहार कालोनी में इंटरलॉकिंग टाइल से कार्य होगा। उन्होंने सौगात की इस कड़ी में ऊंचा गांव में राठौर चौक से सेक्टर- 62 तक जाने वाली सीवर लाइन के अलावा ऊंचा गांव में सैनिक स्कूल के सामने बनाई जाने वाली आरएमसी रोड, वार्ड 40 में हारी बिहार की 17 गलियों को इंटर लाकिगं टाइलों से बनाने का शिलान्यास किया गया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के रास्ते खुले हैं और भारत देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। उसी तरह हरियाणा में भी हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले बल्लभगढ़ की हालत बहुत ही खराब थी। हरि बिहार जैसे इलाके में गंदा पानी का भराव और गलियां गड्ढों में तब्दील थी। लेकिन आज हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की मेहनत, लगन और प्रयासों से सभी कॉलोनी में सीवर लाइन डलवाई गई है और पक्की सडक़ेबनवाई गई है।

आज बल्लभगढ़ पूरे प्रदेश में विकास के मॉडल के रूप में जाना जाता है। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर का बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने पर धन्यवाद और स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर के सहयोग से बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में राल माडल के रूप में चहुमुखी विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो पाया है।

इस अवसर पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव,प्रताप भाटी, हर प्रसाद गोड़, जयवीर खटाना , बुद्धा सैनी, राकेश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वैष्णव ,जेपी मास्टर,बृजलाल शर्मा,कौशल शर्मा, लखन बेनीवाल, योगेश शर्मा,उधम अधाना,जगत भूरा, हेमंत,पवन सैनी, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त करण सिंह भदोरिया, कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम सहित नगर निगम के अधिकारी व कॉलोनीयों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रदेश के कॉलेजो के नॉन टीचिंग और टीचिंग स्टाफ की कमी को जल्द करेंगे पूरा : मूलचंद शर्मा

कैबिनेट मंत्री ने कहा, स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज का जीवन बेटियों के लि प्रेरणादायी

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। प्रदेश के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर यहां हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित कवि सम्मेलन की दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। यह कार्यक्रम बसंत पंचमी पर्व और श्रीमती सुषमा स्वराज के जन्मदिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज के जीवन से बेटियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका सपना था कि बल्लभगढ़ में बेटियों के लिए कॉलेज बनाऊंगा जो पूरा हुआ है। उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के कॉलेजो के नॉन टीचिंग स्टाफ और टीचिंग स्टाफ की कमी को जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे। ताकि बच्चों को हरियाणा के कॉलेज में और भी बेहतर शिक्षा मिल सके। इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल रितिका गुप्ता सहित कॉलेज स्टाफ ने उच्चतर शिक्षा मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर देश सुप्रसिद्ध कवि दिनेश गुप्ता सहित कई विख्यात कवि मोजूद रहे।

हाईटैंशन लाइन की शिफ्टिंग न होने से लोग परेशान, एसई से की मुलाकात

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद सैक्टर-3 के घरों से उपर से गुजर रही हाई-टेंशन लाइन की शिफटिंग न होने से नागरिकों में भारी आक्रोश है। सैक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा विधुत प्रसारण निगम के एसई अतुल अग्रवाल से मुलाकात की और नाराजगी पत्र सौंपा। पत्र में अल्टीमेटम दिया गया है कि 15 दिन के अंदर लाइन शिफ्ट नहीं हुई तो सैक्टर तीन के पीड़ित नागरिक सर्कल कार्यलय पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा के साथ सेकेट्री रतन लाल राणा, हरीश चौटानी व सुरेंद्र शर्मा शामिल थे। फेडरेशन के प्रधान प्रधान सुभाष लांबा व सचिव रतन लाल राणा ने बताया कि तीन दशक पहले हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने 66 के वी लाइन की नीचे गुरुग्राम कैनाल के साथ सैक्टर तीन में 60 वर्ग गज प्लाट आवंटित किए थे। जिसके कारण हाई-टेंशन तारों की चपेट में आने से अब तक 12 निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। लेटेस्ट 31 जुलाई,2022 के एक साथ चार नागरिकों का एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें से तीन मौत के मुंह में चले गए। जिसमें दो मासूम बच्चे व एक जवान शामिल था। उन्होंने बताया सैक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के घरों के ऊपर से गुजर रही हाई-टेंशन तारों को शिफ्ट करवाने के संधर्ष के बाद शिफटिंग का अस्टीमेट बना और 31 मार्च,2022 को एचएसवीपी ने हरियाणा विधुत प्रसारण निगम को 42 लाख रुपए जमा भी कर दिए गए। माननीय कैबिनेट मंत्री के हस्तक्षेप से सिंचाई विभाग से अनापतति प्रमाण पत्र भी आ चुका है। लेकिन इसके बावजूद एचवीपीएन लाइन को शिफटिंग करने में टालमटोल की नीति अपना रहा है। पिछले करीब दो साल से नए लगने वाले टावर खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि शनिवार को इस मामले में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से मुलाकात कर बिजली निगम के अधिकारियों की शिकायत भी की जाएगी। फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा व रत्न लाल राणा ने बताया कि अगर इस बीच हाई-टेंशन तारों की चपेट में आने से कोई एक्सीडेंट हुआ और नागरिकों की मौत हुई तो एचवीपीएन के लाइन शिफ्ट न करने के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक 12 निर्दोष नागरिक नागरिक मौत के मुंह में जा चुके हैं। अब सैक्टर तीन के नागरिक इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।

पार्क में कूड़ा घर बनाने से नाराज लोगों ने निगमायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक बोले, नहीं हुई सुनवाई तो करेंगे बड़ा धरना प्रदर्शन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। पार्क में कूड़ा घर बनाने से नाराज लोगों ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक के नेतृत्व में ओल्ड फरीदाबाद की संयुक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बलजीत कौशिक ने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद स्थित बाबा फरीद पार्क को निगम अधिकारियों की लापरवाही से कूड़ा घर में तब्दील किया जा रहा है, जिसके चलते यहां अक्सर दुर्गंध और गंदगी का साम्राज्य रहता है, जिससे यहां पार्क में आने से लोग कतराने लगे है और जो आते है, वह बीमार हो रहे है। उन्होंने बताया कि इस पार्क के अंतर्गत कृष्णा कालोनी, बराहीपाड़ा, मेन मार्किट, सराय हुसैनी, कपूरी कालोनी आदि क्षेत्र आते है, जिसके चलते यहां रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे है। उन्होंने बताया कि कई बार निगम अधिकारियों को इस बाबत शिकायत लिखित व मौखिक तौर पर की गई है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अगर समय रहते इसे न रोका गया तो यहां लोग महामारी के शिकार हो जाएंगे, जिसकी जिम्मेवारी सीधे तौर पर निगम अधिकारियों की होगी। श्री कौशिक ने कहा कि वैसे भी स्मार्ट सिटी गंदगी में तब्दील हो रही है और अब पार्को को भी कूड़ा घर बनाया जा रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओल्ड फरीदाबाद की कालोनियों में सीवरेज का गंदा पानी सडक़ों पर बह रहा है, गंदगी के ढेर लगे हुए है, कहीं साफ सफाई का नामोनिशान नहीं है। उन्होंने निगमायुक्त से मांग की कि इस मामले में संज्ञान लेते हुए पार्क में कूड़ा घर बनने से रोकें, अन्यथा लोग प्रशासन के समक्ष धरना प्रदर्शन करके अपनी आवाज उठाएंगे। संयुक्त आयुक्त ने श्री कौशिक व लोगों को सोमवार तक का समय मांगा और विश्वास दिलाया कि इस मामले में लोगों को राहत दिलाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुभाष आहुजा, अजय शर्मा प्रधान, संजय, रमेश बावरिया, सन्नी, दीपक भारद्वाज, कालू धींगड़ा, सन्नी नंदवानिया, विनय तंवर, विशाल, विष्णु, संजय वर्मा, बाबूलाल, प्रवेश, मिंकी, मोहित बागड़ी, अभिषेक, विजय छिलवार, अमित छिलवार सहित अनेकों गणामन्य लोग मौजूद थे।

देश-विदेश की सस्कृति, समृद्ध विरासत को अपने आप में संजोए हुए है सूरजकुंड मेला

थीम स्टेट गुजरात के कलाकारों ने गोपरास की प्रस्तुति से आध्यात्मिक बनाया चौपाल का माहौल

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। 37वां सूरजकुंड मेला देश-विदेश की सस्कृति, समृद्ध विरासत को अपने आप में संजोए हुए है। मेले में देश के अलग-अलग प्रांतों के साथ-साथ विश्व के करीब 50 देशों के कलाकार भी अपनी सस्कृति व समृद्ध विरासत से लोकगायन, वाद्यन और लोकनृत्य द्वारा मेले में आने वाले पर्यटकों का परिचय करवा रहे हैं। पर्यटक भी देशी-विदेशी कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखकर उनकी सराहना कर रहे हैं। सूरजकुंड मेला में स्थित छोटी व बड़ी चौपाल पर दिनभर देश-विदेश के कलाकार अपनी-अपनी लोक भाषाओं में शानदार प्रस्तुतियां देकर पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। गुरुवार को सूरजकुंड मेला की मुख्य चौपाल पर देश के विभिन्न प्रांतो तथा अलग-अलग देशों से आए कलाकारों ने अपने देश की संस्कृति, पटकथाओं, वीरगाथाओं को अपने गीत-संगीत में शानदार ढंग से प्रदशित कर पर्यटकों का मन जीत रहे हैं। मेले के थीम स्टेट गुजरात के सुरेंद्र नगर के मालधारी रास मंडल ने गोपरास की बेहतरीन प्रस्तुति देकर चौपाल का माहोल आध्यातमिक बना दिया। गोपरास भगवान श्री कृष्ण द्वारा गोकुल व वृंदावन में सभी ग्वालो के साथ गाय चराते समय किया करते थे। इस रास की विशेषता यह है कि इसमें सभी कलाकार खेलते-खेलते मोरपंख बंधी हुई बड़ी लकड़ी और साड़ी के साथ गुंथन करते हैं। रूस के रोस्टैं ग्रुप ने पौराणिक कथाओं पर आधारित शादी विवाह में किए जाने वाले नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में इथोपिया देश के कलाकारों ने अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ इथोपियन सोनाली नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य चौपाल पर नाइजीरिया के कलाकारों ने फलानी डांस की मन मोहक प्रस्तुति दी। फलानी डांस लडक़े व लड़कियों द्वारा युवावस्था में शादी से पहले किया जाने वाला नृत्य है। कैपवर्दे के हेल्युबतालि गायक कलाकार ने सोलो गीत की शानदार प्रस्तुति दी। बेलारूस देश के कुलूसकी गौरी ग्रुप ने अपनी वेशभूषा और लोक कला का सुंदर प्रदर्शन किया। गामबिया के कलाकारों ने अपने कमिश्नर मुस्तफा जवारा की अध्यक्षता में मुख्य चौपाल पर गीत व डांस की सुंदर प्रस्तुति से सभी पर्यटकों का मन मोह लिया। गामबिया के कमिश्नर मुस्तफा जवारा ने बताया कि भारत और गामबिया का आपस में गहरा नाता है। उन्होंने अपने देश के कलाकारों को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भारत देश की आवभगत देखकर अति प्रसन्न हुए होते हुए उन्होंने कहा कि उनके देश के कलाकार प्रतिवर्ष सूरजकुंड मेला में अपनी प्रस्तुतियां देने आते रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ गामबिया देश के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसी प्रकार मेले की छोटी चौपाल पर भी विभिन्न कलाकारों ने अपनी-अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन लगाए रखा। अंबाला के मुद्रा ग्रुप ने कत्थक नृत्य, अशोक गुड्डू व अकरम आर्य ने हरियाणवी लोकनृत्य, रविंद्र एंड ग्रुप ने रागनी, मंजू अरोड़ा ने गजल, वान्या दल ने फिल्मी बैंड, सप्तरंग आर्ट से सचिन ने इन्कलाब जिंदाबाद, पंजाब के रवि ने भंगड़ा, असम के राजीव ने वीहू नृत्य, उड़ीसा के राजकिशोर मोजी ने जप नृत्य, महाराष्ट्र के विक्की एंड ग्रुप ने लावणी नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर छोटी चौपाल पर दर्शकों को थिरकने पर विवश कर दिया।

भाजपा राज में जनता को मिल रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं का भरपूर लाभ : राजकुमार वोहरा

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की अध्यक्षता में भाजपा ज़िला संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने रेवाड़ी में 16 फ़रवरी को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की रेवाड़ी में रैली और मोदी जी द्वारा देश के 22वें एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर फ़रीदाबाद की सभी विधानसभाओं में होने वाले कार्यक्रमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

इस बैठक में ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा और मनोज वशिष्ठ, जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे । ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी रेवाड़ी में एक रैली को संबोधित करेंगे और एम्स का शिलान्यास करेंगें । इसके अलावा हरियाणा की कई और महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी हरी झंडी देंगे, जिससे हरियाणा के विकास को गति मिलेगी । फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में आयोजित कार्यक्रमों में वर्चुअल तौर पर प्रधानमंत्री मोदी जी के उद्बोधन को सुना जायेगा । भाजपा के सभी मंत्री, विधायक, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता फरीदाबाद की जनता के साथ मिलकर मोदी जी के उद्बोधन को सुनेंगे । इन कार्यक्रमों के निमित उन्होंने हर विधानसभा में 1 जिला उपाध्यक्ष और 1 जिला सचिव सचिव को जिम्मेदारी दी । जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत हरियाणा को केंद्र सरकार की ओर से एम्स की सौगात मिली है । 210 एकड़ में बनने वाला रेवाड़ी एम्स हरियाणा की स्वास्थ्य सुविधाओं में मील का पत्थर साबित होगा । इस एम्स में 750 बिस्तरों का अस्पताल होगा और जिसमें मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज सहित आईसीयू स्पेशलिस्ट व सुपर स्पेशलिस्ट सहित करीब 1500 व्यक्तियों को प्रतिदिन ओपीडी में देखने की सुविधाएं होंगी । इस एम्स के बनने से मेडिकल एजुकेशन, नर्सिंग और स्वास्थ्य संबंधित रिसर्च अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे । फरीदाबाद जिले के लोगों को भी इस एम्स के बनने से फायदा पहुंचेगा । वोहरा ने कहा कि कांग्रेस के राज में देश में केवल एक एम्स था और भाजपा राज में देश में 21 एम्स और बनाने की घोषणा की गई है । भाजपा के राज में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है । देश की लगभग आधी आबादी को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और हरियाणा प्रदेश की चिरायु योजना से नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा और नए अस्पतालों के निर्माण से स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है । इस बैठक में ज़िला उपाध्यक्ष अनिल नागर, सुखबीर मलेरना, वज़ीर सिंह डागर, पंकज रामपाल, बीजेन्द्र नेहरा, भारती भाकुनी, ज़िला सचिव पंकज सिवाल, सुनीता बघेल, लाल जी मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, गोल्डी अरोड़ा, रवि कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के लोकसभा संयोजक विक्रम अरुआ,सह संयोजक सीमा भारद्वाज, सह प्रभारी अजय डुडेजा, राज मदान, जिला आईटी प्रमुख समीर टंडन, सोशल मिडिया संयोजक शिप्रा सिंह, सह संयोजक सचेत जैन उपस्थित रहे ।

असरदार रहेगी राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल : नरेश शास्त्री

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। सभी राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों केंद्रीय कर्मचारी संगठनों बैंक एवं बीमा फेडरेशनो एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आव्हान पर कल 16 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल व्यापक एवं असरदार होगी।

इस हड़ताल में कल कारखानों में काम करने वाले मजदूर, सरकारी कर्मचारी, परियोजनाओं में काम करने वाले हजारो लोग होंगे शामिल। राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल की सभी तैयारिया कर्मचारी संगठनों द्वारा पूरी कर ली गई है, और कल 16 फरवरी को नगर निगम बिजली विभाग रोडवेज टूरिज्म स्वास्थ्य विभाग जन स्वास्थ्य विभाग बी एंड आर शिक्षा विभाग ग्रामीण सफाई कर्मचारी आशा वर्कर आंगनवाड़ी एवं सभी कारखाने में काम करने वाले मजदूर हड़ताल पर रहेंगे यह दवा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने किया श्री शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्ण रूप से व्यापक प्रभावशाली एवं ऐतिहासिक होगी श्री शास्त्री ने कहा कि केंद्र से लेकर राज्य सरकारों तक कर्मचारियों की मांगों के प्रति पूर्ण रूप से उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

श्री शास्त्री ने कहा कि कर्मचारियों की राष्ट्रीय स्तर की लोकप्रिय मांग पुरानी पेंशन बहाल करने, सरकारी, अर्ध सरकारी निगम बोर्ड कॉरपोरेशन में कार्यरत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को 2 वर्ष की सेवा के आधार पर नीति बनाकर नियमित करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने स्थाई कम पर स्थाई भर्ती करने, सभी वर्गों की वेतन विसंक्तियां दूर करने केंद्रीय आठवां व हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करने, समयबद्ध पदोन्नति करने, एसीपी का लाभ क्वालीफाई सेवा को जोडक़र हर 5 वर्ष की सेवा पर दिया जाए, बड़ा कॉमन कॉडर में भर्ती किए गए कर्मचारियों को विभागों में विभागीय कॉडर में भेजा जाए, नई भर्ती, पदोन्नति आदि में आरक्षण के नियमों को दृढ़ता से लागू किया जाए, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में नए पद सृजित किये जाए आउटसोर्स अनुबंध अथवा किसी भी प्रकार की अस्थाई सेवा में लगी महिला कर्मचारियों को नियमित महिला कर्मचारियों के समान मातृत्व अवकाश सहित सभी प्रकार के अवकाश व अन्य सुविधाएं देने, एक्सगरिसिया नीति से सभी प्रकार की शर्तें हटाने, गुरुग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित सभी प्रकार के छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, निजीकरण पर रोक लगाने आदि ।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान सचिन खत्री एवं वरिष्ठ उप प्रधान बलबीर सिंह बालगोहर ने बताया कि सभी विभागों में हड़ताल की तैयारी पूरी कर ली गई है और कर्मचारियों में राज्य सरकार सहित केंद्रीय सरकार के खिलाफ गुस्सा अधिकतम तापमान पर है सभी विभागों के कर्मचारी मजदूर केंद्रीय परियोजनाओं में काम करने वाले हजारो मजदूर एवं कर्मचारी कल 16 फरवरी को सभी कामकाज ठप कर अपना गुस्से का प्रगटी कारण करेंगे।

फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन में दौड़ेंगे हजारों धावक : डीसी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन के चीफ गेस्ट, विजेता प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में आगामी तीन मार्च को फरीदाबाद मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है। इस इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में हजारों धावक भागीदारी करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल फरीदाबाद मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने आज वीरवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन भी औद्योगिक महानगर का एनुअल इवेंट होगा। फरीदाबाद मैराथॉन में भागीदारी के लिए हजारों की संख्या में प्रोफेशनल रनर्स ने फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्रेशन 29 फरवरी तक करवाया जा सकता है। मैराथन का शुभारंभ सूरजकुंड परिसर से होगा और यह शहर के बडख़ल मोड़ से वापिस जाएगी।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि 21 किलोमीटर ओपन केटेगरी में हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 1 लाख 50 हजार, द्वितीय विजेता को 1 लाख व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 75 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 5 किलोमीटर की फन मैराथॉन का आयोजन जिसमें बच्चें युवा और सीनियर सिटीजन भाग ले सकते है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मैराथन के लिए पोर्टल पर 21 किलोमीटर फुल व 10 किलोमीटर की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब (टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है। उन्होंने बताया कि इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही आयोजन के उपरांत अपने इलेक्ट्रॉनिक बीब की मदद से आयोजन से जुड़े अपने फोटो भी डाउनलोड कर सकेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में यह अपने आप में पहला ऐसा बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें मैराथॉन में आए रनर्स में जोश व रोमांच भरने के लिए राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी लाइव परफॉर्मेंस देंगे। उन्होंने बताया कि मुक्चय आयोजन स्थल के साथ साथ मैराथन के पूरे रूट पर निर्धारित स्थानों पर भी छोटे स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस आयोजित किए जाएंगे जो रनर्स को बूस्ट अप करेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मैराथन मार्ग पर रनर्स की सुविधा के लिए प्रत्येक दो किलोमीटर पर मेडिकल स्टेशन बनाए जाएंगे। इन स्टेशन के साथ साथ वहां पर ग्लूकोस, एनर्जी ड्रिंक्स सहित मोबाइल टॉयलेट्स की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मैराथन मार्ग में रनर्स को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए पूरे मार्ग पर वालंटियर की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं प्रत्येक 150 से 200 मीटर के बीच पुलिस कर्मी भी नियुक्त किए जाएंगे। इसके साथ ही इस आयोजन में गुरूग्राम स्थित सभी यूनिवर्सिटी व सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 11 व कक्षा 9 के बच्चों को भी इसमें सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

दिव्यांगजन नरेश भाई मनवाना मसाजर के जरिए स्वयं रोजगार कर दूसरों को दे रहे हैं रोजगार

कभी हिम्मत न हारने वाला व्यक्ति अपने मुकाम को जरूर करता है हासिल

नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट के जरिए शुरू किया मसाजर, झाड़ू व यूएसबी लैंप बनाने कार्य

तीन लोगों को दिया रोजगार, 10 हजार से व्यापार शुरू करके बढाई आमदनी

सिटी 24 न्यूज

सूरजकुंड (फरीदाबाद)।। 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में गुजराती दिव्यांगजन नरेश भाई मनवाना ने बड़ी चौपाल के साथ वाले एनएफडीसी ब्लॉक में दुकान स्टॉल-226 लगाई है, जहां वह चेयर मसाजर, हैंडल मसाजर, थ्री डी मसाजर, घर में जाले की साफ-सफाई करने वाला झाड़ू और यूएसबी लैम्प बनाने के मटेरियल को पर्यटकों को बेच रहे है। वहीं नरेश भाई ने तीन लोगों को रोजगार भी दे रखा है।

गुजरात के 43 वर्षीय नरेश भाई मनवाना का कहना है कि उसने नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट से दो साल पहले बिना ब्याज के 10 हजार रुपए के लोन से व्यापार शुरू किया था, जिसने उसे निर्धारित समय पर बिना ब्याज के ही चुकाया। फिर उनकी लिमिट 25 हजार रुपए की एनएफडीसी द्वारा बैंक में करवाई गई। उन्होंने बैंक के निर्धारित समय पर 25 हजार रुपए का लोन बिना ब्याज के चुकता किया, जिससे अब उनकी लिमिट लाखों में हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने कि दिव्यांगजन भी स्वयं रोजगार करके आत्मनिर्भर बनें को नरेश भाई साकार कर रही हैं। गुजरात के नरेश भाई मनवाना मसाजर के व्यापार के माध्यम से सालाना 5 से 6 लाख रुपए तक कमा लेते हैं। हिम्मत कभी हार नहीं मानती, वह हमेशा मनुष्य को प्रोत्साहित करती रहती है, जो व्यक्ति कभी हिम्मत नही हारता वह अपने मुकाम को जरूर हासिल कर लेता है। नरेश भाई मनवाना मसाजर के जरिए अपना स्वयं रोजगार स्थापित कर अन्य लोगों को भी रोजगार देकर आत्मनिभर बना रहे हैं। नरेश भाई ने बताया कि उन्होंने नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस डेवलपमेंट (एनडीएफसी) के जरिए लोन लेकर अपना शिल्प मसाजर का रोजगार शुरू किया, जिसके जरिए वह एनएफडीसी द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए मेलों में जाकर अपना व्यापार कर रहे है। वह मुंबई, गोवा, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, नागपुर, मध्य प्रदेश में लगने वाले सभी मेलों में अपनी दुकान सजाते है और वहां व्यापार करते है। नरेश भाई मनवाना सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में पहली बार आए हैं। नरेश भाई मनवाना मसाजर को 200 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक बेच रहे हैं। वहीं यूएसबी लैंप को 50 रुपए और झाड़ू की 200 रुपए में बिक्री कर रहे हैं।

नेहरू कॉलेज में हुआ नेशनल लेवल हैंड्स ओन इलेक्ट्रॉनिक वर्कशॉप का आयोजन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। फरवरी 15 को नेहरू कॉलेज में कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन वा BIS डायरेक्टर के सानिध्य से दो दिवसीय नेशनल लेवल हैंड्स ऑन इलेक्ट्रॉनिक वर्कशॉप का आगाज भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष वा कन्वेनर डॉक्टर पारुल जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साइंटिस्ट डी मिस्टर अर्नोव ने सबको BIS के बारे में विस्तार से बताया। BIS की डायरेक्टर मस विभा रानी ने सबको स्वच्छता के बारे में बताया वा छात्र गानों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की सहसंयोजक डॉक्टर नीतू सोरोत ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर ने भौतिकी विभाग के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए बहुत बधाई दी वा आगे भी करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में एमएससी के बच्चों ने बहुत अहम भूमिका निभाई। बच्चों में बहुत ही रुचि से वर्कशॉप के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा वा आने वाले दूसरे दिन के लिए बहुत उत्सुकता दिखाई। कार्यक्रम में डॉक्टर सबीना, डॉक्टर कमला चौधरी, डॉक्टर मोनिशा चौधरी, डॉक्टर कमल, डॉक्टर राजेश, भौतिकी विभाग से डॉक्टर देवेंद्र, डॉक्टर नीनू, डॉक्टर उमा, डॉक्टर रिम्पी, श्रीमती सरिता, श्रीमती ज्योति, डॉक्टर अन्नू खन्ना, श्रीमती श्रुति मौजूद रहे वा इसके आगाज में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जीवन में सबसे बड़ा सुख उत्तम स्वास्थ्य है : राजेश नागर

विधायक राजेश नागर ने केएलजे सोसाइटी में ओपन जिम जनता को सौंपा

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 77 स्थित केएलजे सोसाइटी बी ब्लॉक में ओपन जिम का उद्घाटन किया और उसका प्रयोग भी करके देखा। उन्होंने एक छोटी बच्ची से रिबन कटवा कर यह जिम जनता को सौंपा। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सुख उत्तम स्वास्थ्य है। जो व्यक्ति निरोगी जीवन जीता है, वह सभी पदार्थों का सुख भोगता है। जबकि बीमार व्यक्ति सब कुछ होने के बाद भी उनका उपभोग नहीं कर सकता। नागर ने कहा कि हम सबको अपने स्वास्थ्य की निरंतर जांच करवाते रहना चाहिए, जिससे किसी भी बड़ी बीमारी की आशंका को शुरुआत में ही दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी लापरवाही का नतीजा होता है कि बीमारी बड़ी होकर हमारे सामने आती है और तब अनेक बार वह लाइलाज भी हो जाती है। विधायक राजेश नागर ने लोगों से इस ओपन जिम का इस्तेमाल कर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और कहा कि मैं आप सभी के लिए हर समय उपलब्ध हूं। अपनी स्थानीय समस्याओं संबंधी मांगों को मुझे कभी भी बता सकते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सब तरफ विकास कार्य जारी हैं। मुझे यह कहने में कोई परेशानी नहीं है कि यदि कोरोना महामारी ना आती तो अब तक हमारे यहां कोई विकास कार्य शेष नहीं रहता। हमारा बड़ा महत्वपूर्ण समय यह महामारी ले गई लेकिन यह भाजपा सरकार है जिसने ना कालाबाजारी होने दी और ना लूट-खसोट होने दी। राजेश नागर ने कहा कि आज देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व प्राप्त है और प्रदेश को मनोहर लाल जैसा ईमानदार पारदर्शी मुख्यमंत्री प्राप्त है। इससे पहले का राज आप लोगों ने देखा है। आप लोगों से कुछ भी छुपा नहीं है। नागर ने कहा कि आप लोग एक बार अयोध्या जरूर जाएं। अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर में विराजित भगवान के दर्शन करें। यह समय हमें 500 वर्षों के संघर्ष के बाद और कुशल नेतृत्व के हाथ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर डीके सिंह, शैलेश झा, नरवीर यादव, एच आर मैत्री, किरण, मनोज आदि मुख्य रूप से प्राप्त मौजूद रहे।

37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला

सिक्की आर्ट से नदियों की घास को उपयोगी बनाकर दी नई पहचान

सिक्की घास के इस्तेमाल से बनाती हैं देवी देवताओं की तस्वीर, ऐतिहासिक भवन एवं ज्वैलरी

घास से अक्षरधाम मंदिर, संसद भवन, लालकिला, इंडिया गेट, कुतुबमिनार बनाकर पा चुकी हैं राष्ट्रीय पुरस्कार

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। बिहार राज्य के सीतामढ़ी क्षेत्र की रहने वाली 33 वर्षीय ज्योत्सना ने नदियों में उगने वाली सिक्की घास को अपने हुनर से न केवल उसे उपयोगी बनाया, बल्कि आर्थिक तरक्की का आधार भी बना लिया है। घास से बनी देवी देवताओं, ऐतिहासिक स्थलों और ज्वैलरी अब हजारों की कीमत में बिक रही है। इसी सिक्की घास की कला को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने ज्योत्सना को वर्ष 2014 में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा है। ज्योत्सना अब अपनी इस कला पर पीएचडी भी कर रही हैं। उन्होंने पिछले 24 वर्षों में इस कला को देश के विभिन्न हिस्सों में पहचान दिलाने के साथ-साथ अमेरिका, इथोपिया, जर्मनी और दुबई तक पहुंचाने का कार्य किया हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ज्योत्सना 50 से अधिक महिलाओं को अपने साथ जोडक़र उन्हें भी आत्मनिर्भर बना चुकी हैं।

विदेहराज राजा जनक के काल से हुआ सिक्की कला का उद्गम

शिल्पकार ज्योत्सना ने बताया कि सिक्की कला राजा जनक के कार्यकाल से चली आ रही है। पुराणों में वर्णित है कि सिक्की कला का उदय सीतामढ़ी से हुआ है। विदेहराज राजा जनक ने अपनी पुत्री वैदेही को विदाई के समय मिथिला की महिलाओं से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनवाकर दी थीं, जिसमें सिक्की कला की पौती, पेटारी, डिब्बी आदि शामिल थी। तभी से इस कला का उद्गम माना जाता है। उन्होंने बताया कि वह सिक्की कला में ही पीएचडी भी कर रही हैं।

घास के टुकडों को देती हैं आकृति का रूप

ज्योत्सना ने बताया कि सिक्की घास बिहार की बाढ़ वाली नदियों के अलावा नेपाल की नदियों में पाई जाती है। यह कुश की तरह की ही घास होती है जो दिखने में गेहूं के पौधे जैसे लगती है। नदियों के किनारे जमा होने वाले पानी में यह घास उगती है। अक्टूबर-नवंबर महीने में ही इसकी कटाई होती है। उसे सुखाकर उसके ऊपर की दो परतें निकालकर तीसरी परत को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर गोंद के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आकृतियां और ज्वैलरी बनाई जाती है। ज्योत्सना का कहना है कि इस कला को आगे बढ़ाने वाली अपने परिवार की वह पांचवीं पीढ़ी की वंशज है। एक आकृति बनाने में उन्हें डेढ़ से दो महीने का समय लगता है। उनके द्वारा बनाई गई भगवान गणेश, लेटे हुए मुद्रा में भगवान बुद्ध, शंख, पीपल का पत्ता आदि आकृतियां मेले के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रही है।

सूरजकुंड मेला परिसर में हुई मेहंदी व नेल पेंटिंग प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने दिखाया दम

मेहंदी मुकाबले के जूनियर वर्ग में अनिक्षा तथा सीनियर वर्ग में सुशाला ने मारी बाजी

नेल पेंटिंग प्रतियोगिता में माही व कंचन रहीं अव्वल

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला हुनर को मंच प्रदान करने में मददगार साबित हो रहा है। मेला परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग स्कूली विद्यार्थियों की विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को तराशने की दिशा में कार्य कर रहा है। गुरुवार को मेहंदी व नेल पेंटिंग की जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं। मेहंदी की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की अनिक्षा ने प्रथम, जैन पबलिक स्कूल जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद की सिद्धी गोयल ने द्वितीय तथा सैंट जॉन्स स्कूल सेक्टर-49 फरीदाबाद की शयाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुढैना फरीदाबाद की सुशीला ने प्रथम, मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद से विशाल ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी स्कूल फरीदाबाद की संचिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नेल पेंटिंग के जूनियर वर्ग के मुकाबले में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की माही ने प्रथम, विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद की आकृति ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी पबलिक स्कूल फरीदाबाद की नियति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेल पेंटिंग के सीनियर वर्ग के मुकाबले में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की कंचन ने प्रथम, आइडियल पबलिक स्कूल फरीदाबाद की सोनल ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी पबलिक स्कूल फरीदाबाद की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशसति पत्र के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर मौके पर सम्मानित भी किया गया।

सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

- बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने एसजीएम नगर, बुद्ध विहार पार्क में होने वाले समारोह की तैयारियों का जायजा लिया

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। आगामी 16 फरवरी को रेवाड़ी में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सभी विधानसभा क्षेत्रों में सीधा प्रसारण होगा। रेवाड़ी में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 11:00 बजे से सीधा प्रसारण होगा।

पृथला विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम फतेहपुर मंडी में आयोजित होगा और जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। एनआईटी फरीदाबाद का कार्यक्रम डबुआ मंडी में आयोजित होगा और यहां पृथला विधायक नयनपाल रावत मुख्य अतिथि होंगे।

बडख़ल विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सीमा त्रिखा मुख्य अतिथि होंगी। बल्लभगढ़ विधायनसभा में जनता कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। फरीदाबाद विधानसभा के लिए कार्यक्रम

सेक्टर-16 अनाज मंडी में होगा और यहां विधायक नरेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। तिगांव विधानसभा का कार्यक्रम तिगांव मंडी में आयोजित होगा और यहां विधायक राजेश नागर मुख्य अतिथि होंगे।

विधायक सीमा त्रिखा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से होने वाले विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

कार्यक्रम में आने वाले लोगों के बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी, शौचालय से लेकर सभी जरुरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड की त्रुटिया दूर करने संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर एसडीएम बड़खल अमित मान, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

संपादकीय

पहले यूएई फिर कतर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को शुरू हुई संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और कतर की तीन दिवसीय यात्रा अगर सबका ध्यान खींच रही है तो यह बेवजह नहीं है। बेशक प्रधानमंत्री ने दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में वैश्विक नेताओं को संबोधित किया, लेकिन इस यात्रा से जुड़े कुछ और अहम बिंदु भी हैं, जो इसे खास बनाते हैं।

नौ साल में सातवां दौरा : UAE और भारत के रिश्तों में बीते दस साल काफी अहमियत रखते हैं। 2014 में पीएम बनने के बाद जब नरेंद्र मोदी वहां गए तो वह 34 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। लेकिन उसके बाद के नौ सालों में यह सातवां मौका है, जब भारत के प्रधानमंत्री UAE की यात्रा पर गए हैं। दोनों देशों के बीच 85 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। यही नहीं UAE में करीब 35 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं, जो वहां की कुल आबादी की करीब 35 फीसदी है।

हिंदू मंदिर का उद्घाटन : दोनों देशों के बीच करीबी रिश्तों का सांस्कृतिक पक्ष इस यात्रा के दौरान मजबूती से उभरा, जब पीएम मोदी ने अबू धाबी में भव्य हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। ध्यान रहे, इस मंदिर का प्रस्ताव भी पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से 2015 में UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को दिया गया था और इसके लिए जमीन भी वहां की सरकार ने मुहैया कराई है। अयोध्या में राममंदिर की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी द्वारा अबू धाबी में इस मंदिर के उद्घाटन को कूटनीतिक हलकों में भी दिलचस्पी से देखा जा रहा है।

आहलान मोदी : यह सही है कि प्रधानमंत्री जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं तो प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने-जुलने या उन्हें सार्वजनिक रूप से संबोधित करने पर उनका जोर रहता है। फिर भी UAE जैसे देश में किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष के लिए ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाना सामान्य बात नहीं है। आहलान मोदी यानी स्वागत मोदी कार्यक्रम भी दोनों देशों की बढ़ती करीबी का एक उदाहरण बनकर सामने आया है।

कतर यात्रा पर निगाहें : पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह दूसरी कतर यात्रा है। इसकी घोषणा उस समय हुई, जब कतर ने वहां कैद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को रिहा कर दिया और उनमें से सात भारतीय स्वदेश पहुंच गए। यह कतर सरकार का बड़ा कदम इसलिए भी था कि इन भारतीयों पर ऐसा गंभीर आरोप था जिसमें इन्हें निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। इनकी रिहाई ने दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व के स्तर पर बने गुडविल को रेखांकित किया। उम्मीद की जा रही है कि कतर के इस दोस्ताना रुख का परिणाम पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान रिश्तों को नई ऊंचाई देने वाले समझौतों के रूप में सामने आ सकता है।

श्रीरामचंद्र के भजनों पर जमकर झूमे दर्शक

मेले की सांस्कृतिक संध्या गुजरात की प्रसिद्ध गायक गीता रबाड़ी के नाम रही

श्रीराम के भजनों से दर्शकों को किया सराबोर, भक्तिमय हुई चौपाल की शाम

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की गुरुवार की सांस्कृतिक संध्या गुजराती सिंगर गीता रबाड़ी के नाम रही। देश की प्रसिद्ध कलाकार गीता रबाड़ी ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ भगवान श्रीरामचंद्र के सुंदर भजन मेरी झोंपडी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे... की प्रस्तुति के साथ की। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर चौपाल की शाम को भक्तिमय कर दिया। गुजरात की प्रसिद्ध गायक गीता रबाड़ी ने राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी दीप जलाकर दीवाली मनाऊंगी गाकर दर्शकों को त्रेता युग में ले गई। इसके बाद श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में देख लो मेरे दिल की लकीरों में गाकर चौपाल का माहौल खुशनुमा कर दिया। वहीं रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम गाकर दर्शकों को उनके बचपन की याद दिलाई। इसके बाद चंदन है देश की मिट्टी, खाटू धाम का नजारा बड़ा क्यूट सांवरे, खाटू श्याम वाले तेरे चरणों में आ गयो गाकर दर्शकों को भजनों से सराबोर किया।

सांस्कृतिक संध्या में शनि जाधव ने भी दी प्रस्तुति

गीता रबाड़ी से पूर्व शनि जाधव गणेश वंदना एकदंताय वक्रतुण्डाय गौरीतनयाय धीमहि गजेशानाय भालचन्द्राय श्रीगणेशाय धीमहि से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मेरी चौखट पर चलकर आज चारों धाम आए हैं बजाओ ढोल स्वागत में मेरे प्रभु राम आए हैं को गाकर माहौल को राममय बना दिया। वहीं दमादम मस्त कलन्दर ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद बॉलीवुड गीत जरा दिल में जगह, जरा से अपना ले बना, जरा सी ख्वाबों में दे जगह, सजदे में यूं ही झुकता जैसे गीत गाकर दर्शकों को मदमस्त कर दिया।

सरकार की नाकामयाबी का परिणाम किसान आंदोलन : अशोक बुवानीवाला

सिटी 24 न्यूज

गुरुग्राम। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने हरियाणा में किसान आंदोलन को सरकार की लापरवाही और नाकामयाबी करार दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार किसानों की पहले ही सुध ले लेती तो यह आंदोलन नहीं पनपता। इस आंदोलन का खामियाजा उद्योगपति, व्यापारी भुगत रहे हैं, जो रास्ते बंद होने के कारण अपना व्यापार नहीं कर पा रहे। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि किसान आंदोलन के कारण दिल्ली और दिल्ली से सटे हरियाणा में उद्योगपतियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर जल्दी हालात नहीं सुधरे तो 2020 से

मंदी की मार झेल रहे इन उद्योगों को बचाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नरेला में करीब 3500 हजार और बवाना में 17000 फैक्ट्रियां हैं। हरियाणा के बहादुरगढ़ में करीब 2300 छोटी बड़ी फैक्ट्रियां हैं, जिनमें 40000 से अधिक मजदूर काम करते हैं। इन मजदूरों का दिल्ली और बहादुरगढ़ लगातार आना-जाना बना रहता है। हाईवे से सटे कुंडली और राई औद्योगिक क्षेत्र में 5000 उद्योग हैं। खरखोदा आईएमटी में आने वाले उद्योगों की संख्या 3000 से ज्यादा हो गई है। खरखोदा और पिपली गांव में लगातार उद्योग बढ़ रहे हैं। लेकिन वर्तमान में जिस प्रकार के हालात हैं उनमें इन उद्योगों को चलाना और इन्हें बचाना मुश्किल हो रहा है।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह किसान आंदोलन का जल्द से जल्द निपटारा करे, ताकि रास्ते खुल सके और उद्योग धंधे अपने ट्रैक पर चल सकें। उन्होंने कहा कि 2020 में मार्च में लॉकडाउन लगने के बाद उद्योगों को भारी नुकसान हुआ। इसके बाद किसान आंदोलन की मार भी उद्योगों पर पड़ी। एक साल से ज्यादा समय तक रास्ते बंद होने के कारण कच्चा माल आने और पक्का माल भेजने में व्यापारियों को बहुत दिक्कतें हुईं। अब फिर किसान आंदोलन के चलते सरकार ने हरियाणा को पूरी तरह से ब्लॉक करके रख दिया है। दूसरे राज्य में जाना बहुत मुश्किल हो गया है। सडक्रों पर ही वाहन खड़े हैं। सरकार ने हरियाणा को पंजाब और दिल्ली से पूरी तरह से काट दिया है, जिस कारण उद्योगों के लिए मुश्किलें पैदा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को उद्योगपतियों की समस्याओं को देखते हुए इस तरफ ध्यान देना चाहिए, ताकि दिल्ली के करीब 21000 और हरियाणा की करीब 11000 उद्योगों को बचाया जा सके।

गुरु रविदास जैसे महान संतों की शिक्षाएं हैं पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक : कृषि मंत्री जेपी दलाल

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गांव बड़वा के रविदास भवन के लिए 21 लाख देने तथा सिवानी के वार्ड नंबर 3 के गुरु रविदास भवन में लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की

कृषि मंत्री ने सिवानी के वार्ड नंबर 3 में गुरु रविदास भवन का किया उद्घाटन

सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी

सिवानी। प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास उन महान संतो में अग्रणी थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाई। संत गुरु रविदास जैसे महान संतों की शिक्षाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। संत गुरु रविदास संपूर्ण मानव जाति के पथ प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षाएं सैंकड़ों सालों बाद आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने समारोह में मौजूद नागरिकों से आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षित करें, जिससे कि उनका भविष्य उज्जवल हो।सरकार संतों के बताएं मार्ग पर चलकर सभी वर्गों का भला किया है। कृषि मंत्री श्री दलाल वीरवार को गांव बड़वा तथा सिवानी के वार्ड नंबर 3 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गांव बड़वा के रविदास भवन के लिए 21 लाख देने तथा सिवानी के वार्ड नंबर 3 के गुरु रविदास भवन में लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की। कृषि मंत्री ने सिवानी के वार्ड नंबर 3 में गुरु रविदास भवन का उद्घाटन किया।

जयंती समारोहों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत संत-महापुरुषों की जयंती समारोह सरकारी स्तर पर आयोजित कर रही है ताकि संत महापुरुषों का संदेश हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज में अपनी वाणी से अंधविश्वास और भेदभाव मिटाने का संदेश दिया। उनकी वाणी हमेशा प्रासंगिक रहेगी।

संत गुरु रविदास के अनुसार कोई भी कार्य छोटा-बड़ा नहीं होता। इंसान को अपना सद्कर्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत रविदास किसी भी प्रकार की मोह माया और लोभ-लालच से कोसों से दूर थे और वे पाखंड के खिलाफ थे।

समारोह के दौरान कृषि मंत्री जेपी दलाल का पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंत्री सहित संत गुरु रविदास कमेटी के सदस्य,विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय किसान सभा ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

किसानों ने सरकार पर लगाया हठधर्मिता का आरोप

सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी

सिवानी। अखिल भारतीय किसान सभा ने आदोलन कर रहे किसानों पर सरकार द्वारा की गई बर्बरता के विरोध में वीरवार को केंद्र सरकार का पुतला जलाया। किसान नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा निहत्थे किसानों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले चलाया जा रहे हैं। जबकि किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली जाना चाहते हैं। लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने की बजाये लाठियां चला रही है। उन्होंने कहा की एक

तरफ तो मोदी सरकार स्वामी नाथन को भारत रतन दे रही है जबकि उनकी सिफारिशें को लागू नहीं कर रही है। किसानों ने मोदी सरकार का पूतला जलाकर चेतावनी दी की अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो कल से सिवानी किसान भवन में इलाके के किसान और मजदूर इकठ्ठे होकर शहर में प्रदर्शन व रास्ते जाम करेंगे। इस दौरान किसान सभा के नेता दयानन्द पूनिया ,अंतर कस्वां ,बिल्लु गोदारा , कुलदीप बीडीसी, रामकिशन भाकर,माहबीर भौभिया , माह सिह मान ,कृष्ण , अमिलाल, सतबीर ढाण्डा ,राजमल देहडू ,दलिप बिश्नोई ,राजीव श्योराण ,मिर सिंह आदि मौजूद रहे

क्राइम ब्रांच ने 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। उपमंडल के ऐतिहासिक गांव रूपडाका से क्राइम ब्रांच हथीन की टीम ने एक 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त जानकारी देते हुए क्राइम ब्रांच हथीन के इंचार्ज दीपक गुलिया ने बताया कि स्टाफ में तैनात एएसआई वीरेंद्र टीम के साथ बराए क्राइम गस्त पड़ताल पर था उन्हें सूचना मिली कि तालीम निवासी रूपडाका राजस्थान के थाना भिवाडी पुलिस का 5 हजार रुपए का इनामी आरोपी हैं तथा उटावड़ थाना पुलिस टीम पर हमला करने सहित अनेक थानों में इसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। जोकि इस समय रूपडाका गांव शहीदी मीनार के पास खड़ा है। यदि फौरन रेड की जाए तो वह पकड में आ सकता है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही एएसआई वीरेंद्र ने टीम के साथ बताए गए स्थान पर दबिश देकर उक्त आरोपी को काबू कर लिया। काबू किए गए युवक से जब उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम तालीम निवासी रूपडाका बताया। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जब उसका अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया तो पता चला कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में पांच और मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें राजस्थान के भिवाडी थाना में मुकदमा नंबर 93/23 अंडर सेक्शन 498 एक, 34 आईपीसी के तहत दर्ज है। जिसमें राजस्थान पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के लिए 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। इसके अतिरिक्त थाना बिलासपुर में मुकदमा नंबर 81/21 अंडर सेक्शन 379 आईपीसी के तहत दर्ज है। जिसमें इसे भगौड़ा घोषित किया हुआ है और थाना उटावड़ में मुकदमा नंबर 112/22 शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज है व पंजाब के पठानकोट थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा नंबर 171/20 दर्ज है। उन्होंने बताया कि इनके अलावा आरोपी के खिलाफ पटौदी थाना में मुकदमा नंबर 1710/21 अंडर सेक्शन 174 ए के तहत दर्ज है। जांच अधिकारी एएसआई वीरेंद्र ने बताया गिरफ्तार किए गए आरोपी ने 24 दिसम्बर 2022 को अपने साथियों के साथ मिलकर उटावड़ थाना पुलिस टीम पर हमला कर पुलिस पकड़ से एक आरोपी भूत उर्फ जुबेर जोकि इसका पिता है, को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाकर भगा दिया था। इस सन्दर्भ में उटावड़ थाना पुलिस ने मुकदमा नंबर 259/22 अंडर सेक्शन 323, 353, 186, 224, 506 आईपीसी के दर्ज हुआ था। जिसमें उक्त आरोपी फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

अग्रवाल समाज ने नवनियुक्त एसडीएम व एसएचओ का किया स्वागत

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। गुरूवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में हथीन के नवनियुक्त एसडीएम संदीप अग्रवाल का अग्रवाल समाज हथीन द्वारा शॉल ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके अतिरिक्त अग्रवाल समाज ने हथीन के नए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर छत्रपाल का भी शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस अवसर व्यापार मंडल हथीन के अध्यक्ष चौधरी नरेश चन्द सिंघला , अग्रवाल समाज के प्रधान किशन चन्द जैन , भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश गर्ग व रविन्द्र उर्फ राजू गोयल तथा मास्टर सुभाष चन्द गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का विधानसभा क्षेत्रों में दिखाया जाएगा लाइव प्रसारण

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को जिला रेवाड़ी के गांव भालखी माजरा में आयोजित कार्यक्रम में एम्स सहित अनेक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इस कार्यक्रम को जिला की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम को विकसित भारत-विकसित हरियाणा नाम दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के लाभपात्र भी शामिल होंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के 16 फरवरी के कार्यक्रम को लेकर सम्बन्धित अधिकारियो को सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का पलवल जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक जगह पर कार्यक्रम के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पलवल विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में, हथीन विधानसभा का कार्यक्रम लघु सचिवालय हथीन में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार से होडल का कार्यक्रम पुरानी अनाजमंडी अग्रसेन चौक होडल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रमों के दौरान एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिन पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरपर्सन आरती तंवर, होडल की अनाज मंडी में विधायक जगदीश नायर और हथीन स्थित लघु सचिवालय में विधायक प्रवीण डगर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के लिए पलवल विधानसभा क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, होडल में एसडीएम दिव्जा तथा हथीन क्षेत्र में एसडीएम संदीप अग्रवाल ओवर ऑल इंचार्ज होंगे।

800 मेगा वाट बिजली के लिए उड़ीसा से एमओयू साइन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में हरियाणा की ओर से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार तथा कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से देवाशीष नंदा ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमबीपीएल द्वारा ओडिशा में प्रस्तावित प्लांट से हरियाणा को 800 मेगावॉट बिजली देने की पेशकश की गई, जिसे स्वीकार करते हुए आज एमओयू किया गया। इस प्रस्तावित बिजली खरीद के लिए एकल मूल्य (लेवलाइज्ड टैरिफ) 4 रुपये 46 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार यमुनानगर में भी 800 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने जा रही है, इसके लिए टेंडर किया जा चुका है। इस नये प्लांट के बनने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।

वन मित्र कैसे बने

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। वन मित्र बनने के लिए 1.80 लाख रुपये वार्षिक से कम पारिवारिक आय वाले परिवारों के सदस्य पोर्टल पर पंजीकरण करा सकेंगे। प्रत्येक वनमित्र को पौधे के रखरखाव के मुताबिक मानदेय मिलेगा। 18 से 60 वर्ष तक की आयु का कोई भी व्यक्ति वन मित्र बन सकेगा।

बिना खर्ची पर्ची के मिली नौकरी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि साढ़े 9 वर्षों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अथक प्रयास किए गए हैं और मिशन मेरिट के तहत बिना पर्ची बिना खर्ची के युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई।

रोजगार के लिए बनाया पोर्टल

इच्छुक योग्य युवाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए एक पोर्टल बनाया है। प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत इन युवाओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसके आधार पर ये युवा विभिन्न विभागों एवं पंचायतों के 25 लाख रुपए तक के निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक प्रशिक्षित युवाओं को एक वर्ष की अवधि के लिए 3 लाख रुपए तक का ब्याज रहित ऋण भी उपलब्ध करवाया जायेगा। इस पहल से युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे व यह योजना युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी।

किसानों को मिले 466 करोड़

किसानों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान हेतु सरकार द्वारा हितकारी निर्णय लेने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आज एक बार फिर किसानों को बड़ी वित्तीय सहायता दी गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत 466 करोड़ रुपए से अधिक की सबसिडी व प्रोत्साहन राशि जारी की है।

सीनियर सिटीजन को स्वास्थ्य सेवा

प्रदेश में अब वरिष्ठ नागरिकों को एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने समर्थ वृद्धावस्था सेवा आश्रम योजना का शुभारंभ किया है। प्रदेश के बुजुर्गों को इस योजना से बहुत बड़ा सहारा मिलेगा।

ई-रिक्शा में एंबुलेंस ने मारी टक्कर

सिटी 24 न्यूज/संजय राघव

सोहना। सोहना थाने के समीप एक तेज रफ्तार निजी एंबुलेंस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक व उसमे सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ई रिक्शा चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं ई रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि ई रिक्शा चालक गलत दिशा से आ रहा था जिस कारण यह दुर्घटना घटी। इस दुर्घटना के बाद काफी भीड़ जमा हो गई व वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मोके पर पहुँची पुलिस ने आम लोगों के साथ मिलकर ई रिक्शा को साइड में खड़ा किया व यातायात को सुचारू रूप से चालू किया। ई-रिक्शा चालक राजेश अपने रिक्शा को लेकर अंबेडकर चौक की तरफ से गुड़गांव की तरफ जा रहा था जब वह सोहना थाने के समीप पहुंचा तो गलत दिशा से ओवरटेक करने सड़क के दूसरी तरफ जाने लगा ।इस दौरान एक एंबुलेंस जो तेज गति से गुड़गांव से सोहना की तरफ आ रही थी उसने सीधी टक्कर ई रिक्शा को मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क पर ही क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा में एक महिला सवारी बैठी हुई थी ।दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक राजेश व महिला को गंभीर चोटें आईं ।हादसे के बाद थाने के सामने वाहनों की लंबी लाइन लग गई हालात की गंभीरता देखते हुए पुलिस मौके पर आई व पुलिस कर्मियों ने घायलों को एंबुलेंस में बिठाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।जहां पर वह उपचाराधीन है ।ई रिक्शा चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने लोगों की मदद से ई-रिक्शा को उठाकर फुटपाथ पर रखवाया गया ।उसके बाद यातायात को सुचारू रूप से चालू किया गया। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों के बयान के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कर्मचारी बढ़-चढ़कर लेंगे भाग

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। किसान मजदूर व कर्मचारियों के लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में जिले के किसान कर्मचारी व स्कीम वर्कर तथा ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।हड़ताल की सफलता की तैयारीयों को लेकर आज मोटरसाइकिल जत्था लेकर पर्बलिक हेल्थ, बिजली, स्वास्थ्य विभाग, आई.टी.आई, पशुपालन विभाग, सिचाई विभाग, रोडवेज, वन विभाग, कृषि विभाग, पंचायतीराज विभाग आदि विभागों में पहुंचे और राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने बारे आहावन किया। मोटरसाइकिल जत्थे का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान राजेश शर्मा ने किया। सर्व कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि मोटरसाइकिल रैली के द्वारा हड़ताल की सफलता के लिए सभी विभागों में जनजागरण विशेष रूप से शामिल रहे। संयुक्त बैठक में 16 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए फैसला किया कि जिले के किसान भी मजदूर व कर्मचारियों के साथ सडक़ पर उतरकर प्रदर्शन में भाग लेंगे।

बैठक में बोलते हुए जिला सचिव योगेश शर्मा, ब्लाक पलवल सचिव हरकेश सौरोत, मैकेनिकल वर्करज यूनियन राज्य उपप्रधान राकेश तंवर, पर्बलिक हेल्थ ब्रांच प्रधान बालकिशन शर्मा,उपप्रधान शिवराम कूंडु, नगर पालिका जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल ठाकुर, इकाई प्रधान सतवीर, स्वास्थ्य विभाग सरजीत ने कहा कि आज केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण किसान मजदूर व कर्मचारियों की भारी दुर्दशा हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कमेरे वर्ग के ऊपर चारों तरफ़ से हमला बोल रही है। सरकार किसानों की फसलों की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने के अपने वायदे से पीछे हट रही है। जबकि किसानों के लिए इस्तेमाल होने वाले बीज खाद बिजली व कृषि उपकरण लगातार महंगे होते जा रहे हैं। मजदूरों के ट्रेड यूनियन अधिकारों को खत्म किया जा रहा है तथा उनके हितों के लिए पहले से बने श्रम कानूनों को समाप्त कर नए चार लेबर कोड बनने से मजदूरों को दोबारा गुलाम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र का निजीकरण करने के चलते पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी के रास्ते बंद किए जा रहे हैं जिससे देश व प्रदेश में रोजगार का भारी संकट पैदा हो गया है।ऊपर से बेतहाशा बढ़ रही महंगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। कोविडकाल में नौकरी से हटाए गए मजदूरों के परिवार भारी आर्थिक संकट झेल रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए तरह तरह के षड्यंत्र करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को आवंटित बजट में से लगभग एक लाख करोड़ रुपये बिना खर्च किए केंद्रीय वित्त मंत्रालय को वापिस कर दिए। यूनियन नेताओं ने सरकार द्वारा यूरिया खाद के बोरा का वजन पहले 50 किलो से 45 किलो किया तथा अब 45 किलो से घटाकर 40 किलो कर दिया है तथा नाइट्रोजन की मात्रा भी कम कर दी है। इस फ़ैसले से किसान की पैदावार पर भी विपरीत असर पड़ेगा व खर्चा भी ज्यादा आएगा।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड करके पोज बनाए तो होगी कानूनी कार्यवाही: एसपी डॉ अंशु सिंगला

हर्ष फायरिंग किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं, अवहेलना पर होगी कड़ी कार्रवाई

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला आईपीएस ने बतलाया कि आमतौर पर एक दूसरे के देखा देखी कई युवा हथियार लेकर उसे लहराते हुए अलग-अलग पोज में फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते हैं जिससे समाज में बहुत गलत संदेश जाता है तथा समाज में अपराधिक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। इस प्रकार का गैर कानूनी कार्य करने में जिस व्यक्ति का हथियार होता है और जो फोटो अपलोड करता है वह दोनों ही दोषी होंगे। अधिकतर मामले हर्ष फायरिंग से जुड़े होते हैं जो कि गैर कानूनी है। हर्ष फायरिंग करने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग पर पुलिस

की पैनी नजर है। उन्होंने हर्ष फायरिंग बारे उदाहरण देते हुए बतलाया कि 22 सितंबर 2022 को दो महिला आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार लहरा कर एवं हवाई फायर कर पोस्ट अपलोड की जो इस संबंध में दोनों महिला आरोपियों के खिलाफ साइबर क्राइम थाना में आईटी एक्ट, आर्म्स एक्ट एवं आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया साथ ही दोनों महिला आरोपियों को मामले में त्वरित गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा भी पुलिस द्वारा इस प्रकार के कई मामले दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता को जागरूक करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी लाइसेंस शुदा हथियार धारक अपने हथियारों को किसी भी अन्य व्यक्ति को न सौपे तथा किसी भी व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता । यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी और हथियार का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। यह एक बहुत ही गलत प्रवृत्ति है इससे युवा वर्ग भ्रमित होकर पथभ्रष्ट होने की संभावना बनी रहती है।

कोटिया से शादी में गया परिवार, चोरों ने नकदी व जेवरात पर किया हाथ साफ

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। खंड के गांव कोटिया में शादी समारोह में हिस्सा लेने गए एक परिवार के घर से अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र 17 हजार रूपये की नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिए। इस बारे में संदीप कुमार ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह 12 फरवरी को परिवार सहित शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए गया हुआ था। बीती रात्री वापिस लौटकर देखा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था ओर घर के अंदर का सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था।

जांच की तो पाजेब, अंगूठी सहित 17 हजार रूपये की नकदी गायब मिली। अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने संदीप की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

जयगुरुदेव के अनुयायियों ने कनीना में निकाली जागरूकता रैली

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। जयगुरुदेव आश्रम के अनुयायियों ने बृहस्पतिवार को कनीना में जागरूक्ता रैली निकाली। इस रैली में महिला एवं पुरूषों ने जयगुरुदेव के झंडे हाथों में लेकर हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से उन्होंने आमजन को शाकाहार बनने,जीवों पर दया करने तथा सद्भावना बनाए रखने कर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जीवों को जीने का अधिकार है। अपनी स्वास्थ पूर्ति तथा भक्षण के लिए जानवरों की बलि नहीं लेनी चाहिए। मनुष्य,भगवान की सबसे बेहतर रचना है,जिसे श्रेष्ठ रहने के लिए शाकाहार होना तथा सद्भाव रखना जरूरी है।

ककराला में एसडी शिक्षा समिति की ओर से 18 को होगा विशाल स्वास्थ जांच शिवर का आयोजन

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। एसडी ग्रुप ऑफ स्कूलस विद्यार्थियों को एकेडमिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रहा है। विद्यालय प्रशासन की ओर से समाज के विभिन्न वर्ग के जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा तथा स्वास्थ जांच एवं दवा वितरण का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि उनकी ओर से आमजन की सेवा के लिए समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है। उन्होंने बताया कि बीते दिसबंर माह में एसडी विद्यालय खेडी में स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया था। जिसमें हजारों व्यक्तियों ने स्वास्थ लाभ लिया था। इसी प्रकार 18 फरवरी रविवार को एसडी वरिष्ठ माध्यकि विद्यालय ककराला में भी विशाल स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए विद्यालय प्रांगण में ऑफ लाईन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। एसडी शिक्षा समिति की ओर से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस नि:शुल्क विशाल स्वास्थ जांच शिविर की तैयारियां जारी हैं। शिविर में शरीर के विभिन्न हिस्सों की जांच के लिए विशेषज्ञ हाजिर रेहेगें। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.नेहा वत्स, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.कंचन सैनी,त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ.रितिका राव,पेन फिजीशियन डॉ.रिजुल सैनी,जनरल फिजीशियन डॉ.अतुल खत्री की टीम मरीजों की जांच कर दवा वितरित करेगीं। इसके अलावा शिविर में बीपी,शुगर,ईसीजी व बीएमआइ की जांच भी नि:शुल्क की जायेगी तथा परामर्श दिया जाएगा। अब तक सैंकडों मरीजों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है।

विधायक आफताब ने ली अधिकारियों की बैठक, मुआवजे, जलभराव आदि मुद्दे उठे

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। विधायक व कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने ब्रहस्पतिवार को जिला मुख्यालय नूंह पर कई विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कहा। बैठक में मौजूद एस डी एम नूंह अश्विनी कुमार, तहसीलदार व रेवेन्यू अधिकारियों से विधायक आफताब अहमद ने फसल ख़राबी के मुआवजे को बांटने के लिए कहा।

विधायक ने कहा कि तीन दर्जन गांवों में एक भी किसान को भुगतान नहीं हुआ है, 25 करोड़ रुपए की राशि में सिर्फ 6 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है। इस मुआवजे को तुरंत बांटा जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। बता दें कि इस मामले को विधायक ने विधानसभा के साथ साथ जिला व प्रदेश के आला अधिकारियों के समक्ष उठाया था। जिला म्युनिसिपल कमिश्नर रणबीर सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग एक्सईएन प्रदीप कुमार, अर्बन लोकल बॉडी विभाग के एक्सईएन सुमित से बैठक में नूंह शहर के जलभराव के समाधान के लिये तुरंत कार्य करने के लिए कहा है। उन्होंने शहर व सड़कों पर लाइटिंग के सुचारू कार्य के साथ साथ शहर की सफाई व्यवस्था के सुधार के लिए कहा। अधिकारियों ने उन्हें तीन दिन में कार्य करने का आश्वासन दिया है।

पी डब्ल्यू डी बी एंड आर विभाग के एक्सईएन शमशेर सिंह से बैठक में गुड़गांव अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित, नूंह बाईपास, सोहना नूंह सड़क कार्य के साथ साथ दो दर्जन से अधिक सड़कों के सुधार कार्यों के लिए कहा है। इस दौरान अधिकारियों से कोटला गांव सहित अन्य दर्जन भर गांवों को पानी आपूर्ति के कार्यों के लिए भी विधायक आफताब अहमद ने कहा है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक आफताब अहमद ने कहा कि किसानों के लंबित मुआवजे को जल्द बांटने, नूंह शहर के साफ़ सफाई व सौन्दर्य, पानी आपूर्ति व सड़कों के पुनर्निर्माण के साथ साथ उन्हें सुधारने सहित कई मुख्य मुद्दों के समाधान के लिए अधिकारियों से बैठक की गई है ताकि लोगों के मुद्दों को प्राथमिकता पर सुलझाया जा सके। स्थानीय प्रशासन के साथ साथ चंडीगढ़ प्रशासन के समक्ष मुद्दे विधायक ने उठाये हैं और कई मुद्दे विधानसभा में भी सरकार के समक्ष उठाये गये थे। इस दौरान विधायक आफताब अहमद के साथ स्थानीय शहरी व ग्रामीण लोग मौजूद थे।

छात्राओं के लिए सात दिवसीय सिलाई और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शुरू

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सात दिवसीय सिलाई और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ.विक्रम यादव तथा डॉ.अंकिता यादव के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्राओं के चंहुमुखी विकास को लेकर सकिल व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय की छात्राओं ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लिया। डॉ.अंकिता यादव ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इस प्रशिक्षण शिविर को कारगर बताया। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राएं तथा शिक्षक हाजिर थे।

माजरा एम्स के तैयार होने पर क्षेत्र वासियों को मिलेंगे मित्र स्वास्थ्य सुविधाएं : डॉ. एलसी जोशी

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। 16 फरवरी को रेवाड़ी, माजरा में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी 22 में एम्स की आधारशिला रखेंगे जिसके तैयार होने के बाद क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी यह विचार क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ एल सी जोशी ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि देश का 22वां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेवाड़ी के गांव माजरा में बन रहा है। माजरा एम्स का टेंडर पिछले साल 30 दिसंबर को फाइनल हो गया था। इसके बाद से ही लगातार एम्स के शिलान्यास की संभावनाएं तलाशी जा रही थी। हरियाणा सरकार लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले एम्स का शिलान्यास कराने के लिए प्रयासरत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 16 फरवरी को रेवाड़ी आएंगे और एम्स का शिलान्यास करेंगे। एम्स के साथ ही वे कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। डॉ. जोशी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की तारीफ के साथ प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र के हित के लिए किये कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि माजरा एम्स के बाद देश व प्रदेश का विकास होने के साथ आमजन को सुविधा मिलेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से भारत का नाम व यश बढ़ा है। पड़ोसी देश चीन 3 प्रतिशत तथा भारत पर राज करने वाले इग्लैंड में ढ़ाई प्रतिशत आर्थिक बढ़ोतरी हो रही है जबकि भारत की दर 6 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 22 एम्स का मिलना आने वाली पीढिय़ों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हरियाणा राज्य में दो-दो एम्स होने के बाद क्षेत्र के लोगों के लिए विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी। भले ही यह प्रोजेक्ट देरी से मिला, लेकिन इसके आने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने के साथ युवाओं के लिए प्रत्यक्ष व अपत्यक्ष तौर उपलब्ध होंगे।

विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना से सरकारी स्कूलों के बच्चों में खुशी का माहौल : खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। खंड नूंह के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नूंह में 12 गांव से आने वाले 255 बच्चे सरकार द्वारा चलाई गई विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना से लाभानवित होंगे । नूंह खंड में सरकार के द्वारा चलाए गए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आज से विद्यालय में विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार और जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक के द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूँह में किया गया । खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस योजना से बच्चों को लाभ मिलेगा और आने वाले सत्र में सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या में भी वृद्धि होगी और उसके साथ-साथ पढ़ाई की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी क्योंकि विद्यार्थियों का बहुत ज्यादा समय आने और जाने में और बस ऑटो के इंतजार में बिताता था अब उनको यह इंतजार नहीं करना पड़ेगा और उनका समय बचेगा जिसको वह पढ़ाई में लगा सकते हैं प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा की सरकार ने सभी बच्चों के लिए विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना चला कर एक बहुत ही नेक काम किया है दूर से आने वाले बच्चे अब प्रतिदिन विद्यालय आएंगे जिससे बच्चों की हाजिरी बढ़ेगी। कुसुम मलिक ने कहा की पहले बच्चे दूर से आते थे तो उन्हे परिवहन के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था जिससे उनकी पढ़ाई का समय बर्बाद होता था परंतु अब विद्यार्थी समय से और सुरक्षित स्कूल आएगा और पढ़ाई में ज्यादा ध्यान लगाएगा। इस मौके पर उषा, गौरव सिंघला, प्रवीण कुमार मंजीत अशोक, आकिल और स्कूल का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

जेईई मेंस में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। आरआरसीएम पर्बलिक स्कूल कनीना में बृहस्पतिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रास्ट्रीय टेसटिंग एजेंसी द्वारा आयोजित जेईईई मेंस में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन रोशन लाल यादव ने बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय की छात्रा रचना ने 90, रितिका ने 86 परसेंटाइल अंक प्राप्त किये वहीं छात्रा जानवी, हीना, नेहा, पारुल व छात्र प्रशांत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के विद्यार्थियों के चंहुमुखी विकास के लिए प्रयासरत है।

कनीना ब्लाक के 30 हजार बच्चों को दी कृमि मुक्ति टेबलेट

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना ब्लाक में 19 वर्ष तक के 30582 बच्चों को कृमि मुक्ति टेबलेट दी गई। इसके लिए स्वास्थ विभाग की ओर से पहले ही पुख्ता प्रबंध किए गए थे। उप नागरिक अस्पताल कनीना के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुंदरलाल ने बताया कि बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए सरकार तथा स्वास्थ विभाग बहुत गंभीर है। समय-समय पर उनकी स्वास्थ जांच करवाने सहित उन्हें आंगनवाड़ी के माध्यम से पोष्टिक आहार दिया जा रहा है। उनकी ओर से 15 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, सहित आंगनबाड़ी केंद्र किए कवर

किया गया। जिसके माध्यम से 78 शिक्षण संस्थानों,118 आंगनवाड़ी केंद्रो, 5 आईटीआई में पढने वाले 19 वर्ष तक के 30582 बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट दी गई। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.जेके मोरवाल,डॉ.विनय कुमार ने बताया कि बच्चों के पेट में कीड़े होने की वजह से आंत में इंफेक्शन होने लगता है जिससे वे अस्वस्थ रहते हैं। सरकार के निर्देश अनुसार स्वास्थ्य

विभाग की देखरेख में चलने वाले इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा,आशा व पंचायती राज विभाग की भूमिका रही।

जो बच्चे 15 फरवरी को एल्बेंडाजोल गोली लेने से चूक गए उन्हें 20 फरवरी को मॉक अप राउंड के तहत गोली दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक से दो वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली आधी गोली पीस कर चम्मच से साफ पानी के साथ तथा तीन से 19 साल के बच्चों को पूरी टेबलेट दी गई। इस मौके पर डॉ. निकिता शर्मा,राजकुमार फार्माशिष्ट,सतेंद्र यादव हाजिर थे।

जिले के 216 दिव्यांग जनों को लगभग 60 लाख रुपए के 410 नि :शुल्क सहायक उपकरण वितरित

जिला रैडक्रास समिति व इंडियन ऑयल कॉपोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में दिव्यांग जनों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन।

जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा रहे मुख्यातिथि

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला रैडक्रास समिति व इंडियन ऑयल कॉपोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में दिव्यांग जनों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर पहल के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह में जिले के 216 दिव्यांग जनों को लगभग 60 लाख रुपए के 410 नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है जिनमें दिव्यांग जनों को विभिन्न औद्योगिक प्लॉटों और आवासीय प्लॉटों में 5% आरक्षण दिया जा रहा है। हरियाणा राज्य कौशल रोजगार निगम में दिव्यांग जनों को पंजीकरण करवाने पर रोजगार के लिए 4% आरक्षण दिया गया है तथा आयु में 10 साल की छूट भी दी गई है। प्रदेश की सभी आईटीआई में दिव्यांग जनों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि सभी दिव्यांगजन कौशल प्राप्त कर अपना रोजगार स्थापित कर सकें। प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांग जनों को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए डेढ़ लाख रुपए तक का लोन मुहैया करवाया जा रहा है। दिव्यांग जनों को हरित स्टोर खोलने पर प्रदेश सरकार की ओर से ऋण मुहैया करवाया जा रहा है ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार शुरु कर सकें।

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के डीजीएम राजेश कुमार ने कहा कि मेवात जिला पूरे हरियाणा प्रदेश में सबसे पिछड़ा हुआ जिला माना जाता है, इसलिए हमारी कम्पनी जिले के विकास में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि जिले के इस शिविर में दिव्यांग बच्चों को ट्राई साईकल, व्हील चैयर, बैशाखी, कान की सुनने की मशीन, कृत्रिम अंग इत्यादि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने ने जिला रैडक्रास व जिला प्रशासन का धन्यवाद किया और कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से आज जिले में इतने बडे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी इंडियन ऑल कॉर्पोरेशन लिमिटेड कम्पनी विकास कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति के पास उसके जरुरत की चीजे दी जाएगी। इस मौके पर जिला रैडक्रास सचिव देवेंद्र चहल , अलीमको के उपप्रबंधक मृणाल कुमारव व रेड क्रॉस के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक सहित अन्य रैडक्रास की टीम व इंडिय ऑयल की टीम मौजूद रही।

मेवाती बढ़-चढ़कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने रेवाड़ी पहुंचेंगे : चौ. जाकिर हुसैन

एम्स से मेवात क्षेत्र को बहुत लाभ होगा : चौधरी जाकिर हुसैन

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। बृहस्पतिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने अपने नूँह निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ कल 16 फरवरी को रेवाड़ी जिले के माजरा भालखी में होने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि कल दिनांक 16 फरवरी को दक्षिण हरियाणा व मेवात क्षेत्र के लिए बड़ी खुशी का पल है क्योंकि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेवाड़ी आ रहे हैं और एम्स का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। एम्स से दक्षिण हरियाणा व खासतौर पर मेवात क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा।

ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि कल की रेवाड़ी रैली में मेवात क्षेत्र से हजारों की संख्या में बढ़ चढ़कर मेवातवासी पहुंचेगें तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद व आभार जताएंगे। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी रैली व एम्स के शिलान्यास को लेकर मेवातवासियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने मेवात क्षेत्र को विकास व रोजगार के मामले में बहुत तेजी से गति दी है। अति पिछड़ा मेवात क्षेत्र आज विकास में बहुत तेजी से नई ऊंचाईयों को छू रहा है और यह सब माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व यशस्वी मुख्यमंत्री की ईमानदारी व अच्छी सोच की बदौलत संभव हो पाया है। हुसैन ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है। मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व में एक अलग ही पहचान बनाई है। आज हमें जरूरत है कि हम भाजपा के साथ चलें एक बार फिर से भारी बहुमत से मोदी सरकार बनाएँ। ज़ाकिर हुसैन ने अपने निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रैली की सभी तैयारियों का जायजा लेते हुए उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियाँ भी सौंपी। ज़ाकिर हुसैन पिछले कई दिनों से रैली को लेकर गाँव गाँव जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कई बार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रैली की तैयारियों का जायजा लिया है।

सोशल मीडिया पर ब्लैकमेल कर रुपए मांगने के संबंध में तुरंत करें पुलिस को सूचित : पुलिस अधीक्षक नूंह

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। आज के इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर आदि पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं । इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है । इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे - बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया आदि पर अपना कारोबार आदि कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है । जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं । साइबर अपराधी लोगों की इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं । मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पहुंचा देते हैं ।

हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए । हमें अपने सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए । सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति से सम्पर्क नही करना चाहिए । किसी अंजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नही करना चाहिए । किसी अंजान नम्बर से आने वाली फोन कॉल, वीडियो कॉल का उत्तर नही देना चाहिए और ना ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर करनी चाहिए । जब कोई व्यक्ति अपने आपको बैंक का अधिकारी या प्रतिनिधि बताकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकरी जैसे बैंक खाता नम्बर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नम्बर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नम्बर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि मांगता है तो उस व्यक्ति के साथ उक्त जानकारी सांझा नही करनी चाहिए । इस प्रकार हम छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर अपने आपको साइबर अपराधियों से बचाकर रख सकते हैं और अपने आपको होने वाली मानसिक व आर्थिक हानि से बचा सकते हैं ।

यह भी कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें और www.cyber-crime.gov.in पर आनलाईन शिकायत दर्ज करवाये ।

इसके अतिरिक्त साईबर अपराध थाना या नजदीक पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराकर साईबर अपराध के बारे में सहायता ली जा सकती है ।

596 लाभाथीयों के खाते में डाली जाएगी पहली मासिक पेंशन राशि : एडीसी

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। हरियाणा सरकार द्वारा समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछडे वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के माध्यम से विभिन्न पैन्शन योजनाएं जैसे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पैन्शन, दिव्यांग पैन्शन, निराश्रित बच्चो को वित्तीय सहायता, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता तथा जन्म से 18 साल के स्कूल ना जाने वाले मंदबुद्धि बच्चें, किन्नर भत्ता, बौना भत्ता, अविवाहित व विधुर पात्रो को वित्तीय सहायता, कैंसर की बिमारी दूसरी व चौथी स्टेज से पीडित पात्रों को वित्तीय सहायता व दुर्लभ बिमारी से पीडति व्यक्तियों को वित्तीय सहायता आदि संचालित की जा रही हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला नूंह के वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन पाने वाले कुल 596 लाभार्थियों में से 494 वृद्धावस्था पैन्शन व 102 दिव्यांग पैन्शन लाभार्थी के खाते मे विभाग द्वारा 16 फरवरी को पैन्शन उनके खाते में डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के तहत कुल 1120 पैन्शन लाभार्थी जिनमे से 970 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व 150 दिव्यांग पैन्शन लाभार्थी के खाते में विभाग द्वारा अगले माह से पैन्शन डाली जाएगी। ये वह नये लाभार्थी है, जिन्हे पैन्शन पहली बार प्राप्त होगी

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पैन्शन, अविवाहित व विधुर पात्रो को वितीय सहायता का लाभ प्राप्त करने हेतू पात्र को आवेदन करने की आवश्यकता नही है, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से डाटा प्राप्त होने उपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा पात्रों से पैन्शन लेने हेतू स्वीकृति ली जाती है तथा उनकी पैन्शन स्वीकृत कर दी जाती है। जिला नूंह में अब तक 11 हजार 145 पात्रों की वृद्धावस्था पैन्शन, 600 पात्रों की दिव्यांग पैन्शन, 167 पात्रों की विधुर व अविवाहित पात्रों को वित्तीय सहायता व 14 विधवा पात्रों की परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पैन्शन स्वीकृत की जा चुकी है। जिसके लिए इन लाभार्थियों को कही भी पैन्शन हेतू आवेदन नही करना पड़ा।

वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी तिवारी को बार काउंसिल चंडीगढ़ अनुशासनात्मक कमेटी का सदस्य बनाया

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी तिवारी को बार काउंसिल चंडीगढ़ की अनुशासनात्मक समिति का सदस्य बनाया गया है। सदस्य बनाए जाने पर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी। एडवोकेट अश्विनी तिवारी ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल की अनुशासनात्मक एवं विजिलेंस समिति का सदस्य उन्हें बनाया गया है। इसके लिए उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता सदस्य बार काउंसिल व पूर्व अध्यक्ष बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा के लेखराज शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल के लिए उनका चयन लेखराज शर्मा की संस्तुति पर अध्यक्ष अशोक सिंगला की ओर से किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुशासनात्मक समिति अधिवक्ताओं के खिलाफ शिकायत आने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए बनाई जाती है। जिसके तहत चंडीगढ़ बार काउंसिल इंक्वारी करती है और अपना निर्णय सुनाती है। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता निगेश शर्मा, पूर्व प्रधान सौरभ राव, पूर्व प्रधान शमशेर यादव, प्रवीण शर्मा, रजवंत डहीनवाल, बार प्रधान विश्वामित्र यादव, ललित सैनी, भूपेंद्र, हितेश्वर यादव, सत्यनारायण वशिष्ठ, नरेश खड्गवास, अजय कुमार अत्री, त्रिलोक चंद तोंगढ़, मनोज, राखी वशिष्ठ, विकास यादव, ललित सैनी, विजय रंगा आदि ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

रेवाड़ी पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल बरामद

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए चौकी कानोड गेट पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जांचकर्ता ने बताया कि दिनांक 14 फरवरी 24 को सूचना मिली कि अजय उर्फ फौजी पुत्र रामनिवास निवासी मोहल्ला यादव नगर रेवाड़ी जिसके पास अवैध हथियार है जो वह अभी मोहल्ला अजय नगर में कब्रिस्तान के पास अवैध हथियार लिए घुम रहा है।

जिस सूचना पर तुरन्त रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर रेवाड़ी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

हरियाणा सरकार किसानों को दिल्ली जाने से न रोके

संयुक्त किसान मोर्चा के घटक दलों ने पीएम के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपा

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। सयुक्त किसान मोर्चा के घटक किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन, आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, जय किसान अंदोलन एवम वकीलों ने आंदोलनकारी किसानों पर की जा रही दमनात्मक , अलोकतांत्रिक एवम गैर कानूनी कार्यवाही के खिलाफ रेवाड़ी सी टी एम की मार्फत प्रधानमंत्री के नाम इस आशय का ज्ञापन दिया कि किसानों पर तुरंत दमनात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। सयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि किसान एक है , उनकी मांग भी एक है । स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक सी 2 प्लस 50 के हिसाब से फसल का समर्थन मूल्य दिया जाय। किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाई जाए। स्मार्ट मीटर नही लगाने समेत बिजली बिल वापिस लिया जाए। सयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि दिल्ली केंद्र सरकार की बपौती नही है और हरियाणा सरकार को कोई अख्तियार नही है कि किसानों को देहली जाने से रोके, अन्यथा रेवाड़ी के किसानों के लिए देहली दूर नही है। सयुक्त किसान मोर्चा के नेता कामरेड राजेंद्र सिंह अधिवक्ता ने प्रसाशनिक अधिकारी से कहा कि दमन की कार्रवाई पर रोक नही लगी तो रेवाड़ी के किसान देहली के लिए कूच शुरू कर देंगे। हमारा यह ज्ञापन प्रधानमंत्री को माजरा में दे दे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से अभय सिंह, रामकुमार, महेश शर्मा, डॉक्टर रविंदर, रवि यादव, पृथ्वी, लालाराम, रामस्वरूप अहरोधिया, सत्य पाल, रामनिवास, अजय, सुनील, पवन, चरण सिंह, धर्मेंद्र, राजबीर संजय सोमेंद्र समेत काफी संख्या में हिस्सा लिया।

केएलपी कॉलेज में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जिला मुख्यालय स्थित किशन लाल पबलिक कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए दो दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आज शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में कराटे प्रशिक्षक मास्टर आर्यन के नेतृत्व में तीन दर्जन छात्राओं ने सहभागिता की। मास्टर आर्य ने छात्राओं को आत्मरक्षा के अनेक तरीके बताकर उन्हें प्रशिक्षित किया।

प्राचार्य डॉ. कविता गुप्ता तथा महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती बबीता मेहरा सहित डॉ. जया शर्मा, श्रीमती शिक्षा, श्रीमती संगीता, डॉ. मंजू गर्ग आदि सदस्यों ने स्वयं भी कार्यशाला का हिस्सा बनकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। कॉलेज कार्यकारिणी के प्रधान अमित गुप्ता, उपप्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल कुमार गोयल और कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री जी कभी कभी रेवाड़ी का दौरा करें, रेवाड़ी का उद्धार हो जाएगा : चिरंजीव राव

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। रेवाडी विधायक चिरंजीव राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाडी आगमन पर चुटकी लेते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जी अब से पहले आ जाते तो हमारे ईलाके की सडके पहले ठीक हो जाती। क्योंकि जिस तीव्रता से अधिकारी सडकों की मरम्मत करके गडडे भरने में लगे हैं यदि इसी तरह हमेशा कार्य होता रहे तो जनता को परेशानी का सामना न करना पडे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के लिए तो सारा प्रशासन लगा हुआ है, फलाईओवर पर भी कार्य तीव्र गति से चल रहा है। क्या सरकार और अधिकारियों को ये सडके पहले नही दिख रही थी। इसको लेकर लोगों को कितनी परेशानी उठाती पडती है लेकिन मौजूद सरकार को जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नही है। लेकिन फिर भी यदि प्रधानमंत्री जी के आने से ही कार्य होते हैं तो मैं प्रधानमंत्री जी से गुजारिश करूंगा की दो चार महिनों में रेवाडी को दौरा करलें क्योंकि यहां कार्य तभी होते हैं जब प्रधानमंत्री जी

आते हैं। विधायक चिरंजीव राव आज रेवाड़ी विधानसभा के विभिन्न गांव में सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे थे।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा एम्स का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री जी आ रहे हैं। भले ही एम्स की घोषणा के 9 वर्ष बाद उनको समय मिला और एम्स की याद आई है। लेकिन जनता का प्रतिनिधि होने के नाते मेरी रेवाडी की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मांग है कि रेवाडी व धारूहेडा का बस स्टैंड, धारूहेडा का कमीकलयुक्त पानी, मसानी बराज का गंदा पानी, रेवाडी का राजकीय कॉलेज, डिफेंस युनिवर्सिर्टी, रेवाडी का 200 बेड का अस्पताल इत्यादि के लिए भी जरूर कुछ करके जाएं। क्योंकि रेवाडी की जनता को बडी उम्मीदें हैं प्रधानमंत्री जी से, इसलिए उनकी उम्मीदों को तोडना नही चाहिए। इसके अलावा जैसा कि सभी को पता है कि बजट के अनुसार मात्र 400 करोड रूपये ही एम्स को दिए गए है। इतने बजट से तो कुछ नही होना है और इस तरह से तो एम्स बनने में कई वर्ष लग जाएगें। एम्स के लिए रेवाडी की जनता ने बडा संघर्ष किया है और जनता के अथक प्रयासों से जो एम्स बनने जा रहा है। इसलिए रेवाडी की जनता चाहती है कि जल्द से जल्द एम्स बने और ओपीडी व कक्षाएं भी चालू हों।

सीएम ने माजरा एम्स का किया निरीक्षण

आज पीएम मोदी रेवाड़ी, गुरुग्राम रेपिड मेट्रो के साथ-साथ हरियाणा को देंगे कई सौगात : राव इंद्रजीत सिंह

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। रेवाड़ी जिले के गांव माजरा में बनने वाले एम्स के शिलान्यास के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी आ रहे है, इन तैयारियों को देखने के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर आज एम्स की भूमि पर आए थे। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष के उन लोगों को जवाब होगा कि जो अफवाएं फैलाते थे कि एम्स नहीं बनेगा कोरी घोषणा रह जाएगी। आज वह दिन आ गया जब यहां प्रधानमंत्री एम्स की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे दक्षिण हरियाणा ही नही, राजस्थान लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस एम्स में सस्ते दामों पर इलाज होगा। दिल्ली में गुरुग्राम या विदेश से आने वाले लोगों का महंगा इलाज होता है। एम्स के कब तक पूरा होने के सवाल पर कहा कि कांट्रेक्टर के मुताबिक एम्स लगभग 2 वर्ष में तैयार हो जाएगा मगर हमारा मानना है उस से भी कम समय मे तैयार हो जाएगा। एमबीबीएस की कक्षाएं व ओपीडी की मांग पर उन्होंने कहा कि एमबीबीएस की कक्षाएं भी लगेंगी मगर पहले ओपीडी शुरू करवाएंगे जिसके लिए विचार किया जा रहा है। दिल्ली से अलवर वाया रेवाड़ी घोषित रेपिड मेट्रो के रूट को छोटा कर के प्रथम फेज में धारूहेड़ा तक करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द ही इसको भी कम से कम बावल तक पूरा करवाया जाएगा अभी धारूहेड़ा तक का पता चला है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी हांसी रोहतक ट्रेन, यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल प्लांट व गुरुग्राम में साढ़े 5 हजार करोड़ की मेट्रो परियोजना का भी शिलान्यास व उद्घाटन करें। सीएम की अगुवाई व उनके साथ निरीक्षण करने के लिए सांसद राव इंद्रजीत सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारीलाल, पूर्व मंत्री विक्रम ठेकेदार, राई के विधायक मोहन लाल बड़ौली, कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, हरियाणा टूरिज्म चेयरमैन डॉ अरविंद यादव, परिवार पहचान पत्र कोऑर्डिनेटर डॉ सतीश खोला,

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आरती राव, पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास, भाजपा नेत्री आरती राव, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। सीएम दोपहर बाद 3 बजे के करीब हेलीकॉप्टर से सौनिक स्कूल में बने हैलीपेड पर उतरे व काफिले के साथ शिलान्यास स्थल पर पहुंचे थे।

भारतीय ज्ञान परंपरा के बोध से बनेगा विकसित भारत: प्रो. टंकेश्वर कुमार

आईआईएम सिरमौर निदेशक प्रो.प्रफुल्ल वाई अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप हुए शामिल

विशिष्ठ अतिथि के रूप में सीबीएलयू के कुलपति प्रो.आर.के.मित्तल व प्रो.आरके अनायत ने किया संबोधित

हकेवि में आईसीएसएसआर के सहयोग से वाणिज्य एवं प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में वाणिज्य एवं प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय की शुरूआत गुरूवार को हो गई। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी के उद्घटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के निदेशक प्रोफेसर प्रफुल्ल वाई अग्निहोत्री ने संबोधित किया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) के कुलपति प्रो.आर.के.मित्तल व दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.आरके अनायत ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रोफेसर पवन शर्मा उपस्थित रहे जबकि उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने की और इस मौके पर सम कुलपति प्रो.सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो.सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आयोजन में सम्मिलित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। युवा इस दिशा में तभी आगे बढ़ सकते है जबकि वो हमारे पुरातन ज्ञान परंपराओं को समझेंगे। कुलपति ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारतीय अपने सही इतिहास को जाने और उसे समझकर आगे बढ़ें। कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के विकास हेतु जारी विभिन्न प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को केंद्र में रखकर निरंतर भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इससे पूर्व में मुख्य अतिथि प्रो.प्रफुल्ल वाई अग्निहोत्री ने विस्तार से भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आयुर्वेद, भारतीय नाट्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र का उल्लेख करते हुए बताया कि हम पुरातनकाल में कितने समृद्ध रहे हैं। उन्होंने कहा कि वेदों को ज्ञान का असीम भंडार बताते हुए युवाओं को उनके अध्ययन के लिए प्रेरित किया। सीबीएलयू के कुलपति प्रो.आरके मित्तल ने पुरातन काल में व्यापार, आपसी सहयोग, सर्वजन के विकास, भारतीय लघु उद्योगों के महत्व और सनातन चिंतन का विस्तार से उल्लेख करते हुए भारत के विकास में योगदान देने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.आरके अनायत ने बेहद थोड़े शब्दों में भारतीय ज्ञान परंपरा और चिंतन को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रोफेसर पवन शर्मा ने बेहद विस्तार से भारतीय शिक्षा प्रणाली को अंग्रेजी शासन द्वारा पहुंचाए गए नुकसान और उसके कारणों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से स्थितियां बदल रही है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 में मातृभाषा में शिक्षा, भारत ज्ञान परंपरा के अध्ययन पर जोर इस बात का प्रमाण है कि हम अब पुन: विश्व स्तर पर अपनी वहीं पुरातन पहचान को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। प्रो. पवन शर्मा ने भारतीय वेद पुराणों और उनमें वर्णित ज्ञान की ओर भी सभी का ध्यान आकर्षित किया।

विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो.सुषमा यादव ने कहा कि आज हम अमृतकाल में जी रहे हैं और ऐसे में भारतीय ज्ञान परंपरा को जानते समझते हुए ही विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता हैं। उन्होंने आयोजन में सम्मिलित विशेषज्ञों के द्वारा प्रस्तुत विचारों को इस दिशा में मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। जिसके पश्चात वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष व संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राजेंद्र मीणा ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. सुनीता तंवर अपने संबोधन में दो दिवसीय संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसकी आवश्यकता व महत्व पर प्रकाश डाला।

स्कूल आफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर रंजन अनेजा ने अपने संबोधन मे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस संगोष्ठी के उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी प्रमुख रूप भारतीय ज्ञान परंपरा को समझते हुए वैश्विक स्तर पर विकास हेतु युवा पीढ़ी के निर्माण पर जोर देती। अवश्य ही यह आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा। आयोजन के दौरान मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर नंद किशोर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी की सह संयोजक डॉ. दिव्या ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो.आनंद शर्मा, प्रो.राजीव कौशिक, प्रो.आशीष माथुर, डॉ.कामराज सिंधू, संगोष्ठी के सह संयोजक डॉ. सुमन, डॉ. रविंद्र कौर, डॉ. भूषण, और डॉ. अजय कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जेईई मैंस में सफलता पाने वाले विद्यार्थी रोहित को सम्मानित किया

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। मौहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सैकेंडरी स्कूल नारनौल में मंगलवार को जेईई मैंस में सफलता पाने वाले विद्यार्थी रोहित पुत्र मदनलाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन हितेंद्र शर्मा व निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने कहा कि एनटीए की ओर से आयोजित जेईई मैंस की परीक्षा छात्र रोहित पुत्र श्री मदनलाल ने 92.84% अंकों के साथ उत्तीर्ण की। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत व निरंतर कोशिश से देश के बड़े से बड़े संस्थान में प्रवेश पा सकते हैं। छात्र रोहित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने अध्यापकों को दिया।

इस मौके पर प्राचार्य अवनीश कुमार, संजय कुमार, रामनिवास डीपीई, अशोक यादव, राहुल सोनी, नरेश कुमार, दीपक कुमार, जोगिंदर कुमार, शुभराम यादव, मनमोहन, लक्ष्मी चौहान, अल्पना शर्मा, वंदना सैनी आदि समस्त अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पर्यावरण प्रहरियों ने अपने साथी की पुत्री के विवाह पौधा गिफ्ट में दिया

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल परिवार ने पर्यावरण प्रहरियों ने अपने साथी ओमप्रकाश की सुपुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मांदी गांव में शामिल होकर पर्यावरण को बढ़ावा देने तथा हर बेटा बेटियो की शादी में पौधा भेंट करने का आह्वान किया। और सभी सदस्यों ने भी बेटी को पौधा गिफ्ट में दे कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया। और इस परम्परा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मास्टर ओमप्रकाश खनगवाल पूर्व सरपंच छापड़ा सलीमपुर, डॉ गीता यादव प्रवक्ता महिला महाविधालय नारनौल, नीरज सैनी, अनिल शर्मा, डॉ विक्रम चौधरी, सुनील कुमार गुवानी, अनूप चौधरी छिलरो, राजेश राजपूत हमीदपुर, राकेश कुमार इंदौरा गुवानी मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय नारनौल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। 15 जनवरी को राजकीय महाविद्यालय नारनौल के रेड रिब्बन व यूथ रेडक्रास प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना के सानिध्य और जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रमेश चंद्र आर्य, स्वास्थ्य विभाग, भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उच्चतर शिक्षा आयुक्त के सौजन्य से तथा प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने विधार्थियों को बताया कि एक स्वस्थ्य शरीर के लिए अच्छा और पोषणयुक्त भोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उचित आहार विहार और व्यवहार से सम्पूर्ण स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है। बच्चों की आंतों में परजीवी होने के कारण वह उनके खराब शारीरिक और मानसिक विकास, एनीमिया और कुपोषण की स्थिति को पैदा करते हैं। जो उन्हें लंबे समय की परेशानियों से ग्रसित

कर सकता है इससे उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता। जिसकी रोकथाम और निपटारा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को मनाया जाता है। रेड रिब्बन और यूथ रेड क्रॉस क्लब के नोडल अधिकारी डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015 में की गई थी। तभी से प्रति वर्ष 10 फरवरी से 15 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। 20 फरवरी को मोपअप दिवस मनाया जाएगा। जिसमें 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्वेंडाजोल टेबलेट प्रदान कर देश को कृमि मुक्त बनना था।

महाविद्यालय के कुल सचिव और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सत्य पाल सुलोदिया ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य आंतों के कीड़े के बारे में जागरूक करना और आंत्र कृमि, उनके प्रकार, बढ़ते बच्चों में उनकी रोकथाम तकनीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉ जगमोहन और डॉ नरेन्द्र की रहनुमाई में चंपा यादव मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर फीमेल और सुनिता कादयान आशा वर्कर ने करीब 2000 विधार्थियों को कृमि नाशक एल्वेंडाजोल टेबलेट को वितरित किया। बाकी विद्यार्थियों को मॉप-अप दिवस 20 फरवरी को कृमि नाशक एल्वेंडाजोल टेबलेट को वितरित किया जाएगा। साथ ही सभी विद्यार्थियों और को अच्छा भोजन और स्वास्थ्य जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डॉ सतीश सैनी, डॉ पलक, डॉ भारत भूषण, डॉ प्रियंका शर्मा और समस्त स्टाफ सदस्यों और विधार्थियों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

सीएल पबलिक स्कूल में बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य ने सीएल पबलिक स्कूल नारनौल में बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस के तहत 1 से 19 साल तक के सभी सरकारी व प्राईवेट स्कूलों एवं दूसरे शिक्षा संस्थानों के सभी लाभार्थियों को कृमि नाशक दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो लाभार्थी कृमि नाशक गोली खाने से वंचित रह जाएंगे उनको 20 फरवरी को मोपअप डे पर गोली खिलाई जाएगी। उप सिविल सर्जन (आरबीएसके) डा. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक बच्चें को एल्बेंडाजोल देने से शारीरिक व मानसिक वृद्धि होगी तथा बच्चों में खून की कमी नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि आज जिले में लगभग 90 प्रतिशत लाभार्थियों को कृमि नाशक दवाई खिलाई गई है बाकि बचे लाभार्थियों को 20 फरवरी को दवाई खिलाई जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डा. दीपक कौशिक, विजय सिंह तथा सीएल पबलिक स्कूल के अध्यापक व विद्यार्थी मौजूदथे।

सिटी 24 न्यूज TITLE CODE HARHIN11569
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

एम्स बनने पर जिला के लोगों में खुशी, चिकित्सा क्षेत्र में आएगी क्रांति

मंत्री ओमप्रकाश यादव के नारनौल विधानसभा क्षेत्र में लोगों में खुशी, परिचर्चा में बताया भाजपा का एतिहासिक कदम

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। अब चिकित्सा क्षेत्र में दक्षिणी हरियाणा में भी निखार आएंगा। आजादी के बाद अब तब जहां दक्षिणी हरियाणा के साथ हर क्षेत्र में भेदभाव हो रहा है, वह भाजपा के इस 10 साल के शासनकाल में दूर हुआ है। इसी का परिणाम है कि आज दक्षिणी हरियाणा शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा क्षेत्र में भी इतिहास रचने जा रहा है। इतिहास में 16 फरवरी 2024 लिखी जाएगी तब दक्षिणी हरियाणा के रेवाड़ी जिला में एम्स का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस एतिहासिक क्षण को जब याद किया जाएगा, तब राजनीति दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहरलाल व गुरुग्राम सांसद राव इंद्रजीतसिंह का नाम लोगों की जुबां पर आएगा। एम्स मिलने से लोगों को क्या फायदा होगा, इसी मुद्दे को लेकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव के विधानसभा नारनौल क्षेत्र में लोगों से चर्चा की गई।

प्राइवेट अस्पताल लेते थे मोटा पैसा, अब बचेगा

नारनौल ब्लाक समिति उपप्रधान प्रतिनिधि प्रवीण कुमार ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती। जब प्राइवेट में जाते है तो पैसा मोटा मांगा जाता है। मजबूरी में परिजनों को कर्जा करके उपचार करवाना पड़ता है। एम्स का निर्माण होने से अब जेब से पैसा भी कम लगेगा और उपचार भी बेहतर होगा। इसके लिए भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों का वह आभार जताते है।

नजदीक होने से बचेगी हजारों लोगों की जान

शहर में रहने वाले जगदीश दीवान ने बताया कि गंभीर हालत में चिकित्सक सुविधा का अभाव बताकर मरीजों को रोहतक या जयपुर रेफर कर देते थे। दोनों की दूरी 125 से 150 किलोमीटर की है। वहां पहुंचते-पहुंचते बीच रास्ते में मरीज दम तोड़ देते थे। अब ऐसा नहीं होगा।

अब 150 नहीं महज 35 किलोमीटर दूरी पर मिलेगी सुविधा

कोहिनूर ने परिचर्चा में बताया कि दिल्ली एम्स में जाने के लिए 150 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। बीच रास्ते में गुरुग्राम व दिल्ली का ट्रेफिक ओर समय खराब कर देता था। नारनौल से रेवाड़ी का माजरा एम्स महज 35 किलोमीटर दूर है। यहां देश की सर्वाच्च चिकित्सा सुविधा मिलेगी तो लोगों की जान समय रहते बचाई जा सकेगी।

सस्ता इलाज मिलेगा तो गरीबों का पैसा भी बचेगा

यूपी से आकर नारनौल में रहने वाले फैजान ने बताया कि हम नारनौल में रहते है। यहां देखा कि चिकित्सा सुविधा कम है। अब नजदीक एम्स का निर्माण होगा तो लोगों को फायदा मिलेगा। वह भी सस्ता इलाज मिलेगा। इससे गरीब तबके को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। उसका पैसा भी बचेगा। इन प्राइवेट हस्पतालों की लूट से भी छुटकारा मिलेगा।

बच्चों का सवरेगा भविष्य, दूर की बजाय यहीं होगी पढ़ाई

शहर में रहने वाले सीताराम ने बताया कि कोरियावास में मेडिकल कॉलेज भी शुरू होने वाला है। एम्स का भी निर्माण शुरू हो जाएगा। ऐसे में हमारे बच्चों का भविष्य भी सुधरेगा और वह भी अब चिकित्सा क्षेत्र में अपना भविष्य संवार सकेंगे। नजदीक होने से घर में भी रहेंगे। उन्हें चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

किसी सरकार ने नहीं दिया ध्यान, अब बुरे दिन बीते

दुकानदार चेतनप्रकाश ने बताया कि परिवार हो या पड़ोसी। हमने वह दौर भी देखा है जब समय पर इलाज नहीं मिलने पर मरीज की मौत हो गई। यह इस क्षेत्र में आम बात हो गई थी। किसी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। खासतौर पर दक्षिणी हरियाणा के साथ राजनीति पार्टियों से सदैव भेदभाव किया। अब वह बुरे दिन बीत गए है।

आयुष्मान कार्ड से मिल रहा लाभ, एम्स से ओर होगा फायदा

महिला अमन ने बताया कि वैसे तो मोदी सरकार ने आयुष्मान कार्ड बनाकर पहले ही राहत गरीबों को दी हुई है। पर एक बात अक्सर दिमाग में खटकती थी कि बड़ी बीमारी होने पर कहां जाए? बाहर जाएंगे तो पैसा लगेगा। अब एम्स यहां बनने से यह टेंशन भी खत्म हो गई। कम से कम उपचार बेहतर व समय पर मिल पाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री होते हुए भी क्षेत्र रह गया सूखा

शहर में रहने वाले पवन कुमार ने बताया कि कांग्रेस राज में यहां का राजनेता स्वास्थ्य मंत्री पद पर रहा। यह लाभ तो वैसे उसी वक्त मिल जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोगों को उम्मीद थी कि चिकित्सा क्षेत्र में सुधार होगा, ऐसा नहीं हुआ। अब भाजपा शासनकाल में दक्षिणी हरियाणा को उत्तरी हरियाणा के बराबर खड़ा कर दिया है। इसका लाभ भविष्य में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को होगा।

पीएम के नाम ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय अधीक्षक को सौंपा

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने आज उपायुक्त महेन्द्रगढ़ के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम संयुक्त किसान मोर्चा का एक ज्ञापन जिला उपायुक्त कार्यालय के सुपरिटेंडेंट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार एसकेएम की उन मांगों का संज्ञान ले और हल करे जिनका 9 दिसंबर, 2021 को घर-वापसी के समय सरकार ने लिखित वादा किया था। सभी फसलों की खरीद की कानूनी गारंटी के साथ ष्ट2+50% के स्वामीनाथन फार्मूले पर एमएसपी दी जाए। कृषि उपयोगी चीजों की लागत घटाई जाए और मुक्कमल ऋण माफी दी जाए। नया बिजली बिल 2022, बिजली दरों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर स्कीम पर रोक लगाई जाए। खेती और घरेलू उपयोग और दुकानों के लिए 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए। खेत के किसी भी हिस्से में हुए नुकसान की पूर्ति के लिए फसल बीमा लागू हो।

लखीमपुर खीरी हत्याकांड के मुख्यआरोपी अजय मिश्रा टेनी सहित दोषियों को सजा दी जाए। किसान मजदूरों को 10,000 रुपये प्रति माह पेंशन आदि मांगों को लागू किया जाए। आपकी सरकार किसानों के आंदोलन का जो बेतहाशा दमन कर रही है, उस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। खुद सरकार द्वारा लोगों के रास्ते रोकने की ज्ञापन में कड़ी निन्दा की गई। किसान संगठन ने जोर देकर कहा कि किसानों को अपनी आवाज उठाने का हक है। सरकार को इसे दबाने, कुचलने का कोई अधिकार नहीं है। वह जोर जबरदस्ती नहीं कर सकती। ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया कि किसानों की कोई भी मांग नई नहीं है। भाजपा ने खुद ही 2014 के चुनावों से पहले खुले आम एमएसपी व कर्जमुक्ति की घोषणा की थी और 9 दिसम्बर 2021 को लिखकर आश्वासन दिया था। दो साल बीतने पर भी उसे लागू क्यों नहीं कर रही। किसानों का आन्दोलन उन्हें लागू करने के लिए है। इस पर दमन करना असल में अपनी कमी को छुपाना है और जनतंत्र का गला घोटना है। इस अवसर पर एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान बलबीर सिंह, जिला सचिव डॉ व्रतपाल सिंह, कामरेड ओमप्रकाश, अभय सिंह, ईश्वर सिंह तोताहड़ी, छाजूराम रावत,सुमेर सिंह, हंसराज शर्मा, महावीर प्रसाद गोद उपस्थित थे।

डीसी ने मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लघु सचिवालय में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीसी मोनिका गुप्ता ने कहा कि हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 को मध्य नजर रखते हुए युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिला लघु सचिवालय में 10 फरवरी से प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी लघु सचिवालय में 16 फरवरी तक लगेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में विभिन्न पोस्टर व मूर्तियों का प्रदर्शन युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि लघु सचिवालय में आने वाले सभी नागरिक प्रदर्शनी को देखें ताकि मतदान के बारे में पूरी तरह से जागरूक हो सकें। इस अवसर पर निर्वाचन नायब तहसीलदार विनोद तंवर, सहायक नीरज कुमार, प्रवक्ता डॉ मनोज आफरिया, प्रवक्ता साकेत यादव, लिपिक सुधीर, दशरथ मौजूद थे।

नांगल सिरोही के संजय यादव जाएंगे राज्यसभा, तेजस्वी यादव के मित्र व सलाहकार

लाल यादव की पार्टी राजद ने बनाया उम्मीदवार

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। जिला महेंद्रगढ़ के गांव नांगल सिरोही निवासी संजय यादव को राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। संजय यादव बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार रहे हैं। काफी दिनों से राजद से जुड़े हुए थे। उनके राज्यसभा का उम्मीदवार बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। राज्यसभा के लिए खाली हो रही सीटों के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने जिला महेंद्रगढ़ के गांव नांगल सिरोही निवासी संजय यादव को बिहार से आरजेडी का उम्मीदवार बनाया है। संजय यादव बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से जुड़े रहे हैं। वे दिल्ली में तेजस्वी के साथ क्रिकेट भी खिला करते थे। संजय यादव काफी लंबे समय से राजद के लिए काम कर रहे हैं। वह तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार भी हैं।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के आरक्षण की समीक्षा वाले बयान को राजद ने काफी बड़ा मुद्दा बनाया था। कहा जाता है कि इसमें संजय यादव की काफी अहम भूमिका रही थी। संजय यादव की देखरेख में हुए चुनाव में 2020 में राजद सबसे बड़ी पार्टी बनकर राज्य में उभरी थी। इसे देखते हुए तेजस्वी यादव ने इस बार संजय यादव को इनाम देने का मन बनाया है।

संजय यादव ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरा करेंगे। बिहार की जनता और प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लालू परिवार ने मुझ पर भरोसा किया है पिछले 13 साल से लगा ही नहीं मैं परिवार से दूर हूं। जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव जब आईपीएल खेला करते थे, तब संजय की उनसे मुलाकात हुई थी। धीरे-धीरे यह मुलाकात गहरी दोस्ती में बदल गई। कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री के साथ एमबीए संजय एक कंपनी में नौकरी किया करते थे।

पीएम मोदी आज रखेंगे मेट्रो लाइन विस्तार परियोजना की आधारशिला

मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरग्राम तक बिछाया जाएगा मेट्रो रेल ट्रैक

गुरुग्राम वासियों के लिए वरदान साबित होगी नई परिवहन सेवा

सिटी 24 न्यूज

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 16 फरवरी को रेवाड़ी जिला के गांव माजरा में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही 5 हजार 452 करोड़ रुपये की मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरुग्राम की मेट्रोलाइन विस्तार परियोजना का भी शिलान्यास करेंगे। इस मेट्रो ट्रैक के निर्माण से गुरुग्राम शहर के नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम शहर में आधुनिक जनसुविधाएं प्रदान करने के लिए अनेक परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है। इन्हीं में से एक परियोजना मिलेनियम सिटी सेंटर स्टेशन से साइबर सिटी तक मेट्रो लाइन बिछाए जाने के कार्य का कल प्रधानमंत्री के हाथों से शुभारंभ होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 15 फरवरी को रेवाड़ी जिला के गांव माजरा में आ रहे हैं।

इस अवसर पर वे एम्स अस्पताल सहित प्रदेश की अनेक बड़ी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे व उद्घघाटन करेंगे। इनमें एक परियोजना गुरूग्राम की नई मेट्रो लाइन का बिछाया जाना शामिल है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि आने वाले चार सालों में 5452.72 करोड़ रुपये की लागत से 28.50 कि.मी. लंबाई वाली इस मेट्रो लाइन पर 27 स्टेशन बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ओल्ड गुरुग्राम के लोगों का मेट्रो से जुड़ाव होना यातायात सेवा की दिशा में एक सार्थक प्रयास साबित होगा।

डीसी ने बताया कि 28.5 किलोमीटर लंबे मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर पार्क 148 तक के मेट्रो रूट पर सेक्टर 45, सुभाष चौक, हीरो होंडा चौक, सेक्टर 37, सेक्टर 10, बसई, सेक्टर 4, रेजांगला चौक, पालम विहार, सेक्टर 23 आदि स्टेशनों सहित करीब दो दर्जन स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। बसई के नजदीक बनने वाले मेट्रो डिपो के पास ही सेक्टर-101 के आसपास एक स्टेशन तैयार कर द्वारका एक्सप्रेसवे को भी इस मेट्रो रूट से जोड़ा जाएगा।

डीसी ने बताया कि पुराने शहर में मेट्रो विस्तार के प्रोजेक्ट को लेकर हरियाणा सरकार ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की तर्ज पर हरियाणा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एचएमआरसी) का गठन कर दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा आधारशिला रखने के उपरांत जल्द ही नई परियोजना का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कुल मिलाकर गुरुग्राम शहर के नागरिकों के लिए यह मेट्रो लाइन एक वरदान साबित होगी।

हरियाणा को युद्ध का मैदान और जेल बनाकर रख दिया गठबंधन सरकार ने : कुमारी सैलजा

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान आंदोलन को लेकर अब केंद्र सरकार दावा कर रही है कि फसलों के लागत मूल्यों में 50 प्रतिशत रिटर्न की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए 22 फसलों की एमएसपी बढ़ाई है, अगर ऐसा हुआ है तो किसानों को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा। किसान जब अपना हक मांगने दिल्ली कूच कर रहा है तो हरियाणा सरकार ने प्रदेश को जंग का मैदान और जेल बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत है जो सत्ता की कुर्सी पर बैठा सकती है वह सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखा सकती है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि एमएसपी की गारंटी देने का वायदा कर मोदी सरकार ने दो साल तक किसानों को गुमराह किए रखा, जब किसान ने अपना हक मांगने के लिए दिल्ली कूच किया तो हरियाणा सरकार ने उन्हें रोकने के लिए सारी ताकत झौंक दी है, स्वयं को किसानों को हितेषी कहने वाली गठबंधन ने प्रदेश को युद्ध का मैदान बनाकर रख दिया है, किसानों के लिए जगह जगह पर जेल बना दी गई है आखिर भाजपा किसानों पर कहर बरपाकर क्या चाहती है।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद होने का सबसे ज्यादा खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, लोगों के कामकाज खासकर आनलाइन व्यापार ठप हो रहा है। व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने से फल, सब्जी और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कई गुना उछाल आ गया है, आम जनता खासकर गरीब परेशान है। सरकार ने लोगों के सारे लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार पूरी तानाशाही पर उतारू हैं।

किसान आंदोलन पर अब केंद्र सरकार की ओर से अपनी सफाई दी जा रही है कि उसने फसलों के लागत मूल्यों में 50 प्रतिशत रिटर्न की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए 22 फसलों की एमएसपी बढ़ाई है, अगर ऐसा हुआ है तो किसानों को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा। सरकार दावा करती है कि उसने पिछले 10 सालों में कृषि बजट में पांच गुना वृद्धि की है अगर ऐसा है तो किसानों को उसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा। सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से फसल नुकसान का कवर का दायरा बढ़ाने का दावा कर रही है जबकि बीमा कंपनियां किसानों को बर्बाद हुई फसलों को मुआवजा देने से इंकार कर रही है। प्रदेश में बाढ़, भारी बरसात और ओलावृद्धि से खराब हुई फसलों का मुआवजा तक किसानों को नहीं दिया गया, कभी स्पेशल गिरदावरी करवाने की बात करती है पर यह गिरदावरी आज तक नहीं हुई तो किसानों को मुआवजा कैसे मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार किसानों की शुरू से अनदेखी कर रही है, ऐसे में किसानों को बार बार आंदोलन करना पड़ रहा है। सरकार को किसानों की बात माननी ही होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत है जो सत्ता की कुर्सी पर बैठा सकती है वह सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखा सकती है।